Clause 17 of this amending Bill enunciates that a transport vehicle should not be used on a route which is not covered by its permit. If any break-down occurs, then the vehicle has to be taken for repair immediately. The permitted route may be a long-winding one and may not be posssible to take the vehicle under repair all the way. Some exemptions have also been enumerated under this Clause giving permission for vehicles to be taken even on unauthorised route under certain conditions. I propose that an amendment should be incorporated in this Clause, permitting vehicles under repair also to move on unauthorised routes for the purpose of repair. I suggest that this amendment may be worded as follows :

> "To any transport vehicle while proceeding empty to any place for the purpose of repair."

I request the Government to include this exemption also in this amending Bill.

When the principal Act was last amended, some concessions in regard to issuance of stage carriage permits were extended to cooperative societies engaged in Motor Transport. I would like to stress here the need for extending such concessions to the members of scheduled castes and scheduled tribes interested in motor transport. As no amendment has been proposed to section 47 of the principal Act in this Bill, I am not able to suggest formally any amendment to that Section. In this connection, I wrote to the Prime Minister and also to the Minister of Transport stating that the Government should themselves bring forward an amendment to Section 47 of the principal Act extending this concession to the scheduled castes and scheduled tribes. I have received a reply to my letter in which it is said that the members of the scheduled castes and scheduled tribes will not be in a position to mobilise resources to the tune of Rs. 75,000/- which is the price of a bus and that is why they do not propose to bring forward any amendment in this regard. I was surprised to get such a reply. In fact I was greatly upset to hear such a plea from the Government. 95% of the operators do not buy vehicles with their own money. They are financed by other in buying these vehicles. On both the sides of Mint Street in Madras you will find rows of financiers ready to offer a loan of any amount of money when a stage carriage permit is obtained. In addition to these financiers, the scheduled banks also advance money to the private operators. The Indian Bank, the South Indian Bank, the Canara Bank and

**The original speech was delivered in Tamil.

(Shri R. S. Arumugam)

many such banks have been giving financial assistane to these people and I am sure that they will continue to do so in future. Now the major banks have been nationalised for the ostensible purpose of offering financial assistance to the weaker sections of the society. There is no justification in putting forth the plea that they will be finding it difficult to get an amount of Rs. 75,000/- for this purpose. Under Article 46 of the Constitution it is incumbent on the Government to promote the economic interest of the scheduled castes and scheduled tribes. Unless these people advance economically, there will be no economic development in the country. What facilities have so far been offered by this Government for the upliftment of the Harijans and other weaker sections of the society ? Everyone present in this House will agree with me that nothing tangible has so far been done for the economic development of this section of our society. We are talking of socialism and we profess the we shall remove disparity in the living standards of the different sections of our society. The Government of India of late has arrogated to itself a special role in the upliftment of the socially economically backward classes in our society. Socialism should not be a more shibboleth. I request thatthe Government should live upto its professions, atleast partially, and bring forward an amendment to Section 47 of the principal Act. I have roughly framed an amendment as follows :

> "If applications from members of the scheduled castes and scheduled tribes are received and found in order, priority shall be given to them over the other applicants."

Though Shri Raghuramaiah has written to me indicating his helplessness, even now it is not too late to bring forward an amendment of the kind I have suggested with a view to helping the socially and economically backward clases, especially the scheduled castes and scheduled tribes. With these few words, I conclude my speech.

श्री शशि भूषण (खारगोन) : सभापति महोदय, माननीय सदस्य जो बोल रहे हैं वह समझ में नहीं आ रहा है। वैसे वे अच्छा बोल रहे हैं लेकिन समझ में नहीं आ रहा है।

AN HON. MEMBER : There is the translation being done.

SHRI S. XAVIER (Tirunelveli) : When you speak in Hindi we are also embarrassed. We do not follow anything.

MR. CHAIRMAN : He can speak in his mother tongue, Tamil.

SHRI KRISHNA KUMAR CHATTERJI (Howrah) : I rise to support this Bill that has been so ably moved by the Deputy Minister of Transport. This Bill was first introduced in 1965 by the then Transport Minister, namely Shri Raj Bahadur in the Rajya Sabha, and then in 1966, when Shri C. M. Poonacha was the Transport Minister, he asked for a Joint Committee. But unfortunately in 1967 the Lok Sabha was dissolved. So, it came again to the Rajya Sabha, and Dr V. K. R. V. Rao asked for a Joint Committee which was then appointed. The Joint Committee has since submitted its report to the Members. This Bill had been demanded for a long time by the people of the country, because the old 1939 Act could not serve the purpose of the present day needs, but then our hon. Minister has already admitted that this Bill which seeks to amend the 1939 Act is not sufficient to meet the needs of the time. So, he has promised to us that a comprehensive Bill will be brought forward before the House at a future date. And we very much hope that that Bill will come very early.

When the 1939 Act was formulated by the then Government run by the British imperialists here, the necessity was in a different direction from their point of view. So, the Act has many lacunae. There are also many handicaps which have really hampered the progress of road transport. Road transport system is the life-line of a developing country, and if we want to develop our rural areas, then road transport is the only thing that can do it. In that context, a comprehensive Bill to amend the whole Act should have been brought forward But, unfortunately, the present Bill is not sufficient enough for that purpose. If we are to connect the rural areas with the entire population of the country, the road transport system requires some kind of incentives. I find that not only have the incentives been absent, but certain hurdles

have been created, and the whole system had been overburdened with such heavy taxation that it was impossible for the road transport operators either to thrive or to continue their business.

It has been said that our vehicles are taxed the heaviest in the world. So something has to be done in that direction. We are glad that the Road Transport Taxation Enquiry Committee has pointed that out. This is the observation that the Keskar Committee have made in their final report :

> "Failure to realise the potential role of road transport in economic development and continuance of obstacles and barriers (like unduly heavy taxation burden, regulations, Octroi and other check posts, etc.), which keeps road transport from developing and making its full contribution, would only be at the expense of country's economic and social development and therefore suicidal "

This is the opinion expressed legitimately by the Enquiry Committee. The Committee has finally observed :

> "If this is not possible, the least that should be done is that no further changes should be made in the existing level of taxation except after mature consideration in the light of principles enunciated by the Committee and with reference to the advice of the proposed expert advisory bodies."

So, relief should come in motor vehicles taxation.

Having been connected with a transport organisation for about 20 years, namely, the premier organisation of the Taxi Operators, namely the Calcutta Taxi Association, I can tell you that the operational cost has gone up to such an extent that it is impossible to carry on the business of running these public service vehicles any more. We have got to get our tyres at blackmarket prices We have got to get our spare parts not in the open market but in the blackmarket by paying sometimes even 200 per cent increase in prices. The cost of petrol and lubricants has also gone up so high. In fact, the operational cost has gone up on the average by more than 50 per cent.

You will be glad to know that there are about 2.75 lakhs trucks and about 89,000 buses and about 35,000 taxis; 90 per cent of these motor operators are persons with just only one motor vehicle. Therefore, they cannot keep accounts properly, and they cannot manage those things. It is a difficult job for them to do those things.

I would like to urge that road transport is the only thing that can help us to solve our unemployment problem. Appalling unemployment is there all over the country, and if we can expand the possibilities of the road transport system, it is possible to absorb quite a number of unemployed people. We would require for one truck about 12 to 15 persons. Therefore, it is essential that the transport system should be allowed to work in such a way that we are not hampered by any obstacles.

My hon. friend Shri Tulsidas Jadhav has said that octroi is not a necessity. In fact, that is not his opinion only. The Road Transport Taxation Enquiry Committee themselves have said :

> "The Committee strongly feel that octroi is one of the greatest hindrances in the way of commerce and economic development of the country. Advanced countries realized it long ago and abolished octroi. While we whould leave to the State Governments to choose the alternative that suits them best, we would emphasise that octroi should be abolished as quickly as possible."

Then, we have also to think of developing inter-State transport. The Inter-State Transport Commissioner has not been able to function so well because of the limitations under which he is functioning.

If we have to increase the capacity of the road transport system as a whole, we have to see that the Inter-State Transport Commissioner is equipped with all necessary powers. There is a slight attempt in this Bill in that direction, but it is not sufficient.

We see that in many States, the transport system is virtually paralysed by overcrowding in buses. In Calcutta, Howrah

[Shri Krishna Kumar Chatterji]

proper, and other large cities people have to travel like beasts in the buses. The transport system is not adequate to cope with the traffic that is offering. People have to attend to their duties and have to take recourse to the transport system for the purpose. Therefore, on the question of penalising buses on account of overcrowding and other things, a lenient view has to be taken.

In conclusion, I would appeal to the hon. Deputy Minister to act up to his promise by bringing forward a comprehensive Bill soon so that we can deliberate on it and give a new dimension to the road transport system.

**SHRI KIRUTTINAN (Sivaganga) : Mr. Chairman, Sir, the Motor Vehicles (Amendment) Bill has been passed by the Rajya Sabha and it is now under discussion in this House. I am grateful to you for having given me an opportunity to speak in Tamil on this Bill. I would also take this opportunity to convey my gratefulness to this House and to the hon. Speaker for having extended this facility of speaking in our mother tongue on the Floor of this House. When I speak in Tamil on this Bill, I am paying my homage not only to the Tamil language, as such, but also to our great and inimitable leader, revered Anna, honoured by the people of Tamil Nadu as South Indian Gandhi.

This Motor Vehicles (Amendment) Bill should have been brought forward in 1965. Though belated, it is good that this Bill has been introduced now. On behalf of the Dravida Munnetra Kazhagam, I extend my whole-hearted support to this Bill as it contains many salutory provisions.

I do not think we should be complacent to think that we will be able to fulfil all the needs of the people concerned by the introduction of this Bill. The Minister himself has assured this House that a more comprehensive Bill will be introduced in this House in course of time and I request him to do it at an early date.

When I began to speak on the provisions of this Bill, I am constrained to say that the road mileage in our country is very meagre. Unless you have enough roads, the road transport will never flourish In the total national income the road transport contributes 20%. Annually we get about four hundred crores of rupees from road transport, but we invest only an amount of Rs. 140 crores on the construction and maintenance of roads. The people of Tamil Nadu has this grievance that the Central Government has not been making adequate allocation of funds for road transport in Tamil Nadu. I request the Hon. Minister to look into this and do the needful.

Recently, our Deputy Minister of Transport toured Tamil Nadu and I requested him in person that the East Coast Road should be declared a national highway. He informed me that in the Fourth Five-Year Plan about three thousand miles of roads would be declared national highways and the East Coast Road would be one of them. As I fear that there is no possibility of this being done in the Fourth Plan, I request the Hon Minister to accede to the demand of Tamil Nadu people and declare the East Coast Road as a national highway.

I am sorry to say that there is no provision in this Bill as to what language should be used for inscribing matter on the milestones. A Jana Sangh Member perorated that it is enough if Hindi and English are used on the milestones. So far as I am concerned, I am certain that it will do if English and regional languages are used for this purpose. There is no need to write anything in Hindi. Delhi is not only the capital of India but also a cosmopolitan city. Not only the people from different States of the country but also from other countries of the World live here. In many places, I have seen that English has been removed from notice boards and sign boards and its place has been usurped by Hindi. I regret that this should have been allowed to happen here. I want to bring this to the notice of the Hon. Minister.

Many hon. Members referred to Clause 41 of this Bill. I wish so bring to the notice of this House that this clause has been incorporated in this Bill at the suggestion of the Tamil Nadu Government and I am sure that this House will express its appreciation of the Tamil Nadu Government for this.

**The original speech was delivered in Tamil.

There is opposition to nationalisation of bus routes; this opposition has emanated from many directions. Section 41 is not a new section providing for such nationalisation. In the principal Act, Section 68(f) empowers the Government to undertake nationalisation of road transport. As there were certain lacunae in the principal Act, the Tamil Nadu Government conveyed its desire that Clause 41 should be incorporated in the new Bill rectifying the lacunae in the existing Act. I am grateful to the Central Government that they have brought forward this Bill with Clause 41. I am sure the hon. Members belonging to different groups and parties would also welcome this.

Finally, I would like to say that of late we are talking too much about socialism. As compared to the Central Government and the Central Ministers I make bold to say that the State Government and the State Ministers have more contact with the masses for whom we want to establish a socialistic society. The Central Government enacts many laws, but the responsibility of implementing them is thrown on the State Government as if they were servants to carry out the orders of a master. The Congress Party, when it was a monolithic political organisation ruling the country, did not pay heed to the request of the State Governments for decentralisation of powers, but I think, in the changed circumstances when the ruling party is split into two, the Central Government will bring forward a constitutional amendment giving more powers to the States so that the popularly elected Government there will be able to fulfil the desires and ambitions of the people with full legal support behind them. I am sure that the Government of India will consider this proposition and do the needful at an early date. With these few words, I conclude my speech.

श्री रणधीर सिंह (रोहतक) : चेयरमेन महोदय मैं, मन्त्री साहब ने जो बिल पेश किया है, उसकी हिमायत करता हूं और चूंकि इस सिलसिले में आइंदा एक बिल आएगा, उसके लिए कुछ देहात की तरफ से सुझाव देना चाहता हूं।

पहली बात जो मैंने पिछली बार भी कही थी और उस वक्त जो बहस हुई तो उस समय डा० वी० के० आर० वी०, जो कि इस विभाग के मन्त्री थे, ने कहा था कि वे उधर ध्यान देंगे, उस बात को आज फिर मैं दोहराना चाहता हूं। आम तौर पर बड़े बड़े शहर जो हैं उनमें जगह जगह रिंग रोड्स बनी हुई लेकिन जो नेशनल हाईवेज हैं उनके ऊपर जो बड़े बड़े गांव हैं उनके बीच से जो सड़कें जाती हैं, उन पर एक्सीडेन्टस हो जाते हैं। तो मैं यह नोटिस में लाना चाहता हूं कि उन रोड्स पर डेली हादसे होते हैं और छोटे छोटे बच्चे और केटिल जो बीच में आ जाते हैं, मारे जाते हैं। तो जो बड़े बड़े गांव नेशनल हाइवेज पर हों, उन के लिए रिंग रोड्स या बाई-पास बनाने के लिए आप ध्यान दें।

दूसरी बात जो मैं खास तौर से कहना चाहता हूं वह यह है कि आप ने इनीशियेट करके स्टेट गवर्नमेंटस को कहा है कि जो गांव नेशनल हाईवेज के साथ लगते हैं, जो एक एक, दो दो मील के हैं, उनके लिए एप्रोच रोड्स का बंदोबस्त करें। अगर आप ऐसा करेंगे तो इससे जहां जनता को सहूलियत होगी, वहां आपको टैक्स और किराये वगैरह से फायदा होगा। पैसेन्जर टैक्स ज्यादा लगेगा और उससे गवर्नमेंट को फायदा होगा।

तीसरी चीज जो मैं आपके नोटिस में लाना चाहूंगा वह यह है कि जगह जगह पर हम देखते हैं कि नेशनल हाईवेज के जो बस के अड्डे हैं, वहां पर शेडस का बन्दोबस्त नहीं है। बारिश से और सूरज की गर्मी से मुसाफिरों को बचाने के लिए आप को शेडस का बन्दोबस्त करना चाहिए। ये ही तो आपके कमाऊ पूत हैं, उनसे आपको फायदा पहुंचता है और उनसे सारा काम चलता है और वहां पर इतनी ओवरक्राउडिंग होती है कि कई कई घन्टों तक हमारे बच्चों, औरतों और भाइयों को ठहरना पड़ता है। वहां पर वे हूंगर, ढोरों की तरह क्राउडेड रहते हैं और इससे उनको बड़ी तकलीफ होती है। तो जब आप नेशनेलाइज करते हैं तो वहां पर बन्दोबस्त सरकार का

[श्री रणधीर सिंह]

होना चाहिये और साथ ही साथ यह भी हो कि आप के जो कंडक्टर्स हैं या ड्राइवर्स हैं, वे लोग भी जाकर, जहां टर्मीनेशन प्वाइन्ट होता है, आराम करें और थोड़ा बहुत रेस्ट कर सकें। इसके लिए जो आर० टी० एज० हैं उन को स्पेसीफिक इन्सट्रक्शन्स दें। उन लोगों की जो तकलीफें हैं उनके बारे में जो मेमोरन्डा आते हैं, उन पर आप ध्यान दें।

चौथी बात जो मैं कहना चाहता हूं वह यह है कि आर० टी० ए० का जो कान्सटीट्यूशन है, वह डेमोक्रेटिक नहीं है। उसमें नोमीनेशन किया जाता है और कमिश्नर, मिनिस्टर या गवर्नमेंट जिसको चाहें नोमीनेट कर देते हैं। मेरा कहना यह कि उसमें काट्रेक्टर्स और ट्रान्सपोर्टर्स का रेप्रेजेन्टेशन होना चाहिए। दो साल की मियाद को अगर आप चार साल बढ़ा दें तो एतराज की बात नहीं है। मैं चाहता हूं कि ज्यादा से ज्यादा यह डेमोक्रेटिक हो और उस में उन लोगों का ज्यादा से ज्यादा रेप्रेजेन्टेशन हो, जिससे उनकी तकलीफें हैं वे वहां आ सकें।

जहां तक परमिट का सवाल है, अव्वल तो मैं परमिट के हक में नहीं हूं और चाहता हूं कि परमिट नहीं होना चाहिये क्योंकि इसमें करप्शन को बढ़ावा मिलता है। आगे चल कर तो यह हो सकता है कि साइकिल का परमिट लेना होगा और छोटी छोटी रिक्शा का परमिट भी लेना पड़ेगा, लेकिन अगर आप यह चाहते हैं कि परमिट सिस्टम रहे, तो उसके लिए मेरा कहना यह है कि जो गरीब लोग हैं, जो हरिजन लोग हैं, फौजी लोग हैं, एक्स-सर्विसमेन हैं, उनको परमिट देने में तरजीह दी जाए।

अगली बात जो मैं आपके नोटिस में लाना चाहता हूं वह यह है कि देहात में जो ट्रेक्स कच्चे हैं, उनके लिए आप ने टूटी फूटी बसें दे दी। आखिर देहात भी तो भारत का हिस्सा है। बढ़िया बसें आप नन्दा और कृष्ण को दे देते हैं जो कि बिक्टरी और कैपिटल सर्विस चलाते हैं। जो अच्छी अच्छी बसें हैं वे तो आप बड़े बड़े सरमायदारों को दे देते हैं, लेकिन देहातों में कोई अच्छा बन्दोबस्त नहीं है। मैं तो यह कहूंगा कि जो रूटस पैसेवालों को आप देते हैं 50 परसेन्ट देहात की रूटस उनको दी जाए। होता क्या है कि टूटी फूटी बसें जो होती हैं वे तो गांव के लिए दी जाती हैं जो कि बहुत जल्दी टूट जाती हैं और अच्छी बसें बड़े सरमायदारों को दी जाती हैं। हल्वा हल्वा वे खा जाएं और गरीब लोगों को बेकार बसें मिलें। तो मैं आप से कहना चाहूंगा कि कच्ची रूटस उनको दी जाए और ज्यादा से ज्यादा दी जाए ताकि वे एफीशियेन्ट सर्विस दे सकें।

(व्यवधान)

एक बात मैं ट्रिब्यनल्स के बारे में कहना चाहता हूं। चेयरमेन महोदय, इस बिल में जो ट्रिब्यनल्स की बात कही गई है, वह बहुत अच्छी बात है। अभी तक तो आर० टी० एज० और एस० टी० एज के फैसले के खिलाफ हाई कोर्ट में रिवीजन में जाते हैं, लेकिन जूडिशियल ट्रिब्यनल की जो बात की गई है, मैं उस की तारीफ करूंगा। यूनिफार्मली एक्ट इस तरह का लागू हो।

मैं खत्म कर रहा हूं। नेशनेलाइजेशन आफ ट्रान्सपोर्ट की जो बात है, मैं कहूंगा कि सारे देश में आप नेशनेलाइजेशन कीजिए। इस वक्त क्या हो रहा है कि छोटे छोटे लोग तकलीफ उठा रहे हैं। उनको आप सहूलियत दीजिए। हरियाना में नेशनेलाइजेशन बड़ी बड़ी रूटस का कर दिया गया और प्राइवेट आदमियों के हाथ में नहीं रहा। नेशनेलाइजेशन आप बड़ी बड़ी रूटस का कर दीजिए और उन को यह इन्सट्रक्शन्स जारी कर दीजिए।

एक चीज मैं यह कहना चाहता हूं कि सफर तो आदमी करता है पांच मील का और उसको किराया देना पड़ता है दस मील का। मैं चाहता हूं कि दोबारा माइलेज को नपवाया

जाए । सोनीपत से रोहतक का असल फासला है 30 मील और कागजात में दिखाया गया है 35 मील जो पुराने जमाने से चला आ रहा है । यहां दिल्ली से वह 60 मील है और कागजात में 70 मील दिखाया गया है । अगर यात्री बीच में गांव के पास भी उतर जाता है तो उसको किराये आगे तक देना पड़ता है । वह छह मील पर ही उतर जाता है, पर उसको दस मील का किराया देना पड़ता है । जो बीच में अड्डे पर उतरे तो उसको जिस प्वाइंट से वह चढ़ा और जिस प्वाइंट पर उतरा वहां के फासले का किराया देना चाहिए जब कि उनसे लिया जाता है दूसरे अड्डे तक ।

लोकल बसेज की बाबत मैं यह कहना चाहता हूं कि आपने शहरों में तो लोकल बसें चला दीं, यहां से नरेला ठीक है, गाजियाबाद ठीक है, मगर जहां डिस्ट्रिक्ट हैडक्वार्टर्स हैं उनसे 15 मील के अन्दर जो रूट हैं, जो कि तहसील हैडक्वार्टर्स को मिलाते हैं ऐसे रूटों पर लोकल बसें चलानी चाहिए क्योंकि देहात का आदमी मुकद्दमों में जाता है, और दूसरे कामों के लिए जाता है तो उसको भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ता है । जब आप शहर में बसें चलाते हैं तो देहात वालों को भी सहूलियत दी जाए ।

स्कूटर के बारे में एक चीज मैं कहना चाहता हूं और वह यह कि स्कूटर्स में दुनिया भर का करप्शन है । अगर स्कूटर में कोई 10 मील जाता है तो उसमें बैठता है 25 मील । ये लोग पुलिस वालों से मिले रहते हैं और जनता से पैसा लूटते हैं । अक्सर ऐक्सीडेंट भी स्कूटरों के होते रहते हैं । अगर आप चैकिंग कराइये तो आपको पता लगेगा । अगर आपके पास स्टाफ नहीं है, तो आप एम० पी० को भी चैकिंग के लिए लगा लीजिये । यह आप देखें ताकि पब्लिक को कोई तकलीफ न हो । उनमें खास तौर पर ओवर लोडिंग होता है, उसके लिए भी आप ध्यान दें ।

आखिरी बात मैं कहना चाहता हूं कि ट्रैक्टर्स के लिए आपने ऐसा कानून रखा है कि वह घर के 5 आदमी भी नहीं बैठा सकता । वह अपनी चौधराइन को बैठाकर भी कहीं ले जाये तो पुलिस वाले उसका चालान कर देते हैं । मोटर व्हीकल एक्ट में आपको ट्रैक्टर के लिए छूट देनी चाहिये । किसान का बेटा अगर अपने पड़ोसी को बैठाकर ले जाता है तो उनका चालान होता है, यह चीज बर्दाश्त नहीं करनी चाहिए ।

मैं आपका बड़ा मशकूर हूं कि आपने मुझे टाइम दिया ।

SHRI S. KUNDU (Balasore) : Mr. Chairman, Sir, I think this amending Bill which is before the House is just a patchwork. There are some pinpricks here and there. I feel that after 22 years of freedom, this patchwork system of bringing Bills would not solve the problem, because, when the Motor Vehicles Act was enacted in 1939, the whole objective was that the British people wanted to keep the entire power with the officers. After 1939, the first Bill which was broughtforward for consideration here was in 1965, and then it is coming here for discussion in 1969.

There was a Committee for the reorganisation of road transport in 1959, and the Committee had also given certain recommendations. But even from 1959 to 1969, so many changes have taken place in India. National highway have come up, and the national highways have thrown up some new problems for the drivers, conductors and the travelling public as well : indeed it has thrown up all sorts of problems. Therefore, instead of bringing some sort of patchwork here and there, it would have been much better if a serious rethinking had been made over this matter and a comprehensive Bill was brought forward before this House, because I feel that the essence of success is the mobility of the people. Unless there is mobility provided for the people, progress will be retarded. For providing mobility, transport is a very important factor.

In the transport system, four sets of people are involved—(a) the travelling

[Shri S. Kundu]

public, (b) the crew consisting of drivers, conductors, etc., their needs, hopes and aspirations. (c)Government and(d) the people who own the transport system, whether they are cooperative societies or individuals. I am sorry to say this Bill has not met the requirements of these four sets of people.

The permit system has given so much vested power to the officers in the Government that it has become a source of corruption. The Road Transport Coordination Committee which submitted its report in 1959 pointed out that the permit system gives a lot of discretion to the officers, who try to cash it into financial rewards. I am sorry to find that section 55, which enunciates the main features of the permit system, is not being amended by this Bill at all.

In 1939, the British thought that the cooperative sector should be given preference in permits, but this remained only on the statute and was never implemented. There are a number of unemployed people—engineers, technicians, etc. Some provision should have been made in this Bill for helping them to form partnerships, and cooperative societies, etc During the last 10 years, the travelling public have increased considerably and they could have provided more buses on the crowded routes. But I find there is no such assessment made in this Act.

Lots of things are involved in giving a permit. In the Bill, there is mention of a judicial tribunal. I suggest that the entire system of giving permits should be handed over to the judicial tribunal. I have tabled a Bill in which I have said that the licensing system should go to a judicial body headed by a High Court or Supreme Court judge. Similarly, the entire system of giving permits should be handed over to a judicial tribunal who would decide each case on the basis of its merit, without showing any favours.

There are various types of corruption. Taking money and issuing permits is one way. Another way is to have *benami* transactions. Somebody has got some influence in the Government department and he gets two or there permits. Then, he gives it to some other people for some money. The Act says that a permit cannot be transferred. But they say, "We are not transferring it. We are holding it in our name. The other people are running the bus in my name." There is no provision in this Bill for checking such *benami* transactions.

The most important thing is about conductors and drivers. I take my hat off for the sturdy *sardars*. One *sardar* is piloting this Bill. The *sardars* are really the pioneers of national integration. They drive big trucks for thousands of miles. There is a definition of State Transport Undertaking given in section 68A. When there is so much talk of socialism, at least a breakthrough should be made in this section, providing for workers' representation, so that the hopes and aspirations of the workers could be fulfilled and they may get their due share. But I find no such provision in this Bill.

Most of the drivers and conductors are semi-literate and some are uneducated I have nothing against them, but sometimes some of them are very rude probably because their pay scales are very bad and they are neglected. In Calcutta, graduates and MAs come for posts of conductors. They need sympathy and training. Their service conditions—salary, leave, etc.—have to be improved. You should give them their proper status. Bus drivers and conductors must be given orientation courses and lessons of good behaviour, followed by better wages and better amenities. But there is no such provision in this Bill.

The Road Transport Coordination Committee in 1959 made a very valuable recommendation about the system of giving permits for operating in rural areas. People in the rural areas are gradually becoming mobile. We must make them more and more mobile. A certain sector of people have taken advantage of our national highways. The poor people also must be enabled to take advantage of the national highways and they should be assured of cheap mobility. Therefore, when you give a permit to somebody for a remunerative route, you must also give him an unremunerative route on the rural side. There is no such provision in this Bill to meet the need of the rural people.

Without going into more details, I would simply say, this sort of patch work will not solve the problem I would call upon the minister to do some serious thinking Let him bring forward a comprehnsive Bill in the near future incorporating all these suggestions I have made.

श्री यशपाल सिंह (देहरादून) : सभापति महोदय, मै सरदार इकबाल सिंह को मुबारकबाद देता हूं क्योंकि वह बहुत ऊंचे आदमी हैं। हैंडसम इज ही वेंट हैंडसम डज। इसी लिये मैं उन को मुबारकबाद देता हूं। लेकिन बिल में कमियां इतनी हैं कि अच्छा होता कि यह छः महीने बाद लाया जाता, लेकिन कम्प्रिहेन्सिव बिल होता और सम्पूर्ण इलाज करता। यह छोटी सी चीज हम देखते हैं जो मेरी समझ में नहीं आती कि दरख्वास्तें आती है 30 हजार, 40 हजार और परमिट मंजूर होती हैं सिर्फ तीन या चार। जो ज्यादा से ज्यादा शराब पिला सकता है, जो ज्यादा से ज्यादा रिश्वत दे सकता है, ज्यादा से ज्यादा इल्लीगल ग्रैटिफिकेशन पेश कर सकता है उन की दरख्वास्तें मंजूर हो जाती हैं। क्यों यह करप्शन गवर्नमेंट की तरफ से चलाया जाता है ? सीधा कानून होना चाहिये कि कोई बस ले आये, जो आकर दर्ज कराये वह परमिट का मालिक होगा। परमिट सिस्टम खत्म होगा तो करप्शन दूर हो जायेगा। करप्शन परमिट से शुरू होता है, करप्शन कंट्रोल से शुरू होता है। यू पी में चौधरी चरण सिंह ने परमिट सिस्टम को हटा दिया था। ट्रकों पर कोई परमिट नहीं रक्खा था। वहां कोई परमिट नहीं था इसलिये करप्शन खत्म हो गया था। यह बसों का परमिट मेरी समझ में नहीं आता। जब हिन्दुस्तान आजाद है, हमारी मातृभूमि आजाद है, हमारा देश आजाद है, जनता आजाद है तब परमिट के क्या माने ? इसलिए परमिट सिस्टम को खत्म किया जाये।

दूसरी बात यह है कि स्पीड के मुताल्लिक कोई खास कानून होना चाहिये। इस युग में जब सारा संसार रेस कर रहा है, हमारे लिए कितने शर्म की बात है कि जो ऊपर जायेगा उसका चालान होगा और जो अन्डर जायेगा उसका चालान नहीं होगा। चाहिये तो यह था कि जो 80 मील से कम जायेगा उसका चालान होगा, लेकिन होता इसका बिल्कुल उल्टा है। चाहिये यह था कि जो चालीस मील से कम चले उसका चालान हो और कानून के जरिये उसको सजा दिलाई जाय। अगर कोई तेज जायेगा और 10, 20, 30, 100 इन्सान मर भी जायेंगे तो क्या होगा ? गवर्नमेंट वैसे ही पापुलेशन कम करने के लिये नये नये लूप सिस्टम कर रही है, परिवार नियोजन और भ्रष्टाचार नियोजन आ रहा है। इसलिए जो 80 मील से कम चले उसका चालान किया जाये। इस जमाने में जो कम स्पीड से चलता है वह सारे देश की गति को मन्थर करता है, राष्ट्र की स्पीड को पीछे डालता है। कनाडा में जो 135 मील से कम चलता है उसका चालान किया जाता है, हिन्दुस्तान में जो चालीस मील से ज्यादा जाता हैं उसका चालान होता है। कानून बनना चाहिये देश की गति को देखते हुए। 80 मील से कम चलने वाले का चालान होना चाहिये और जो 80 मील से ज्यादा चले उसका चालान नहीं होना चाहिये। सुधार कुछ करने से होगा, नारेबाजी से नहीं होगा।

आज बसों मे मैं देखता हूं कि लोग झुक कर बैठते हैं। क्या कभी मिनिस्टर साहब ने हिसाब लगाया है कि क्यों लोग झुक कर बैठते हैं ? इससे देश में कितनी तपेदिक पैदा होती है और कितने अरब रुपया तपेदिक के इलाज पर खर्च होता है ? बजाय इसके कि टी बी के इलाज पर करोड़ों और अरबों रुपया खर्च किया जाये, ऐसी चीज होनी चाहिये जिसमें तपेदिक हो ही न सके। जो शख्स कार, बस या ट्रक में झुक कर बैठता है वह कभी ऊर्ध्व गति को हासिल नहीं कर सकता। इससे सारे राष्ट्र की ग्रोथ स्टिंटेड हो जायेगी। अगर ग्रोथ स्टिंटेड हो जायेगी तो इसका मतलब यह है कि दुनिया की रेस में हम सबसे पीछे रह जायेंगे।

[श्री यशपाल सिंह]

इसलिये जो छोटी चीजें हैं जैसे फियट हैं, स्टैन्डर्ड है यह दर्जा चार के लड़कों को स्कूल ले जाने और स्कूल से ले आने के लिए है, नौजवानों के बैठने के लिये नहीं है । यह बीमारी का घर है । इन छोटी छोटी स्टेन्डर्ड और फियट गाडियों को दर्जा 4 के लड़कोंको स्कूलों से लाने के लिए अलाऊ किया जाये, लेकिन नौजवानों के लिए, जो भारतीय नागरिक हैं उनके लिये नीची सीट, घुटी हुई सीट और छोटी सीट की हर्गिज इजाजत न दी जाय ।

इस बिल में आपने प्राविजन रक्खा है कि जो ट्रक ड्राइवर है वह आये साल एक या दो साल पर जाकर फिटनेस सर्टिफिकेट ले आये । सबसे पहले तो सवारी के लिए फिटनेस की जरूरत है । अगर सवारी के लिए फिटनेस और लाइसेंस हो तो ड्राइवर के लिए भी हो वर्ना जब हमने अपने कांस्टिट्यूशन में यह वादा किया है कि फेअर फील्ड ऐंड नो फेवर, सबके लिये ईक्वल अपार्चुनिटीज हैं तब कोई कारण नहीं है कि ड्राइवर के लिये फिटनेस सर्टिफिकेट की जरूरत पड़े । आपको सवारी की फिटनेस देखनी चाहिये । पैसेंजर्स की छाती न नापी जाय और गरीब ड्राइवर की छाती नापी जाय, जिसके बच्चे हैं, ऐसा हर्गिज नहीं हो सकता । यह हमारे कांस्टिट्यूशन के खिलाफ है ।

इसके बाद जो मेरा अमेंडमेंट है उसके मुताल्लिक मैं कहना चाहता हूं कि इस जमाने में अंग्रेजी मे रजिस्टर्ड नम्बर जो हैं वह देश के लिए कलक है । इस को चेन्ज करना चाहिये । नियम यह होना चाहिये कि अंग्रेजी का नम्बर देश के ऊपर कलक है और अगर कोई अंग्रेजी नम्बर लिखता भी है तो उसके नीचे हिन्दी और इलाकाई जबानों में नम्बर जरूर होना चाहिये ।

इन शब्दों के साथ मैं आपका आभार प्रकट करता हूं और उम्मीद करता हूं कि मंत्री महोदय इन बातों पर गौर करेंगे, इनको यों ही नहीं उड़ा देंगे । जो सुझाव मैंने अर्पित किये हैं उन पर वह गौर करें ।

श्री सरजू पाण्डेय (गाजीपुर) : सभापति महोदय, जो बिल सदन में आया है वह अजीब गड़बड़ घोटाले का कानून है । इस देश के लिए यह बड़े सौभाग्य की बात है कि सरकार ने देश में समाजवादी अर्थ-व्यवस्था की ओर कदम बढ़ाया है । हम देखते हैं कि यह स्वागत का काम हमारे मित्र ने किया । लेकिन जो कानून इस सदन में आते हैं उनमें ऐसी मर्यादायें जोड़ दी जाती हैं जिनसे समाजवाद की ओर जो देश बढ़ सकता था वह नहीं हो पाता । मिसाल के लिये मैं बतलाऊं कि हमारे देश में लगभग 89 हजार बसें हैं और 2 लाख 75 हजार ट्रक हैं करोड़ों आदमी उन पर काम करते हैं । मगर इसके लिए जो कानून बनाया गया है उसमें कोई ऐसी व्यवस्था नहीं की गई कि रोड परमिट में जो भ्रष्टाचार हो रहा है, जिसकी ओर सारे सदन के सदस्यों ने ध्यान दिलाया है उसको कैसे रोका जाय । हजारों दरख्वास्तें पड़ती है और लाखों रुपयों का सौदा होता है और जो लोग ज्यादा रुपया देते हैं वह रोड परमिट पाते हैं । यहां एक एक आदमी के पास पचास पचास बसें हैं । कुछ ऐसे लोग भी हैं जिन्होंने रोड परमिट लिया है उनमें बहुत से पोलिटिकल सफरर हैं, उसमें कांग्रेस के बड़े बड़े नेता भी हैं जिन्होंने रोड परमिट लेकर उसका बेच दिया है । आपके कानून में उसकी बन्दीश का कोई व्यवस्था नहीं है ।

15 hrs.

हमारे देश में बड़े बड़े फाइनेंशर हैं, पूंजीपति लोग है जोकि लोगों को रुपया दे देते हैं और वे उस रुपये से बसें, ट्रकें, टैक्सियां आदि खरीद लेते हैं । अगर कोई आदमी मोटर खरीदना चाहता है तो उसके लिये वे रुपया फाइनेंस कर देते हैं और दस साल का जो सूद है वह पहले ही उससे वसूल कर लेते हैं । अगर वह पैसा देने के साथ किस्त देने में डिफाल्ट करता है तो उसकी मोटर को जब्त कर लिया जाता है । इस तरह के लोगों से गरीब आदमी पैसा ले कर बसें और टैक्सियां चला रहे हैं ।

वे इन करोड़पतियों के गुलाम हो चुके हैं। आपने बकों का राष्ट्रीयकरण किया। इसका सारे देश ने स्वागत किया देश में आपका आदर इसके लिये किया गया। मै चाहता हूं कि आप इसकी व्यवस्था करें कि बैंकों से रुपया ले कर लोग टैक्सियां और बसें आदि खरीद सकें, अपना कारोबार चला सकें। बैंकों को खुले आदेश दिये जायें कि वे लोगों को टैक्सियां, बसें आदि खरीदने के लिए सस्ते सूद पर रुपया उधार दें। इस बिल में इसकी व्यवस्था नहीं की गई है। यह होनी चाहिये।

बसों के मालिक लोग सवारियों की बुरी तरह लूट मचाते हैं। बहुत से लोग कहते हैं कि राष्ट्रीयकरण बस उद्योग का नहीं होना चाहिये। हमारी तरफ एक कहावत है कि पारस मणि जो पत्थर होता है वह किसी चीज के साथ अगर छू जाता है तो वह चीज सोना हो जाती है। उस में यह खासियत होती है। लेकिन हमारी सरकार में यह खासियत है कि जिस वस्तु को वह छू देती है, वही पत्थर हो जाती है।

श्री रणधीर सिंह: तुम हाथ लगा दो, भाई।

श्री सरजू पाण्डेय: हम तैयार हैं। लेकिन आपको डर लगता है कि कहीं कम्युनिस्ट न हो जायें। अगर हो भी जाओगे तो क्या बुराई है। अब हो जाओ तो अच्छा है वर्ना मजबूर हो कर आपको इस रास्ते पर आना पड़ेगा। बसों के परमिट देने मे कोओप्रेटिव्ज को तरजीह दी जानी चाहिये। ऐसी व्यवस्था तो रहती है लेकिन अब कोओप्रेटिव सोसाइटीज को कोई परमिट नहीं मिलता है। वीकर सैक्शंज को परमिट देने के बजाय जो बड़े बड़े लोग हैं, उनको ही परमिट दे दिये जाते है। आपको कोशिश करनी चाहिये कि कोओप्रेटिव सोसाइटीज को, वीकर सैकशंज आफ दी पब्लिक को अधिक से अधिक परमिट दिये जायें ताकि वे लोग अधिक से अधिक संख्या में इस उद्योग में लग सकें।

राष्ट्रीयकरण की ओर भी आपको कदम बढ़ाना चाहिये। जितना भी और जहां तक भी हो सके इस उद्योग का आपको राष्ट्रीयकरण करना चाहिये।

बहुत से भाइयों ने कहा है कि बस स्टैंडों पर टिकटें नहीं मिलती हैं, बसें खाली जाती हैं, कंडक्टर, ड्राइवर उनको बिठाते नहीं हैं। ये जो खराबियां हैं ये तो राष्ट्रीयकरण से ही दूर नहीं हो सकती हैं। अगर हमने राष्ट्रीयकरण किया तो देश को पैसा मिल सकता है और उस पैसे से हम बस सर्विस को और सड़कों को भी इम्प्रूव कर सकते हैं। ज्यादा से ज्यादा इधर आपको कदम बढ़ाने चाहियें।

अब मैं नम्बर प्लेट्स के बारे में कुछ कहना चाहता हूं। इस पर सिलैक्ट कमेटी में भी बहुत बहस हुई थी। यह चीज वहां उठाई गई थी। कुछ सदस्यों ने कहा था कि सिर्फ अंग्रेजी में ये नम्बर प्लेटस होनी चाहियें, किसी ने कहा एक भाषा में नहीं जितनी हिन्दुस्तान की भाषायें हैं, चौदह, उन सब में लगाया जाना चाहिये। यह जो चीज है यह चलने वाली नहीं है। रोमन के जो न्यूमरल्ज हैं, वे अन्तर्राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त हैं। अगर यही रहें तो अच्छा है। मैं चाहता हूं कि एक ही सिस्टम आप सारे हिन्दुस्तान के लिए रखिये ताकि पुलिस कांस्टेबल आसानी से पढ़ सके इन नम्बर प्लेटस को। अगर आपने पूरी तालिका खड़ी कर दी तो उस बेचारे की समझ में कुछ नहीं आएगा कि क्या लिखा हुआ है। ज्यादा से ज्यादा आप यह कह सकते हैं कि ये प्लेट्स हिन्दी और अंग्रेजी में हों। वैसे एक ही भाषा में, अंग्रेजी में हों तो ज्यादा बेहतर है।

यह कहा गया है कि बसों में ओवर क्राउडिंग होता है। ओवर क्राउडिंग अगर होता है तो चालान भी किया जाता है और परमिट भी

[श्री सरजू पान्डे]

कैंसल कर दिया जाता है। अब जहां तक परमिट कैंसल करने की बात का ताल्लुक है, उस में मालिक का कोई कसूर नहीं होता है। ओवर क्राउडिंग ड्राइवर और कंडक्टर करते हैं लेकिन अगर परमिट कैंसल होता है तो इसकी सजा मालिक को भुगतनी पड़ती है। ओवर क्राउडिंग इसलिए होता है कि लोगों को बसों में जगह नहीं मिलती है। अगर बस वाले बिठायेंगे नहीं तो पब्लिक उनको मार कर उनकी कमर तोड़ देगी, बस में आग लगा देगी। इसका इलाज यह है कि आप परमिट ज्यादा से ज्यादा दें, जितने लोग परमिट चाहें, उनको आप परमिट दे दें। बजाय इसके कि आप परमिट देने पर रेस्ट्रिक्शन लगायें, आपको लिबरली परमिट देने चाहियें। आप रोक क्यों लगाते हैं? मैं समझता हूं कि यात्रियों की तादाद जो बढ़ रही है इस का कारण यही नहीं है कि आबादी बढ़ रही है। लेकिन मूवमेंट बढ़ रहा है, लोग इधर से उधर जा रहे हैं। इस वास्ते ज्यादा से ज्यादा परमिट दिये जायेंगे तो अच्छा होगा। और माननीय सदस्यों ने भी कहा है और मैं भी उसी राय का हूं कि जिस को एक बस के लिए परमिट दिया गया हो उसको दूसरी बस का परमिट न दिया जाए। इसका आपको पूरा ध्यान रखना चाहिये। साथ ही साथ इस उद्योग का विस्तार भी अधिक से अधिक हो।

मैं यह भी चाहता हूं कि मालिक को सजा देने की जो बात कही गई है, उसको आप निकालिये।

आप तीन बस के परमिट देते हैं। अगर कोई आदमी उसको रिन्यू कराने जाता है तो उसको उसी तारीख से रिन्यू हुआ समझा जाता है जिस तारीख से उसको जारी किया जाता है। मान लो दफ्तर में किसी की एक साल से दरख्वास्त पड़ी रही तो इस में उसका क्या कसूर। आपको मालूम ही है कि आपके अधिकारी कैसे हैं। उनके यहां दरख्वास्तें पड़ी रहती हैं। उनका कोई नोटिस नहीं लिया जाता है। दरख्वास्तें अगर इस तरह से रुकी रहेंगी और बाकी पीरियड के लिये अगर उनको रिन्यू कर दिया जाएगा तो इसमें नुकसान होगा। इससे घूस खोरी बढ़ेगी।

ड्राइवरों से सर्टिफिकेट मांगे जाते हैं फ़िटनैस के। आप जानते ही हैं कि किस तरह से सर्टिफिकेट प्राप्त किये जाते हैं डाक्टरों से। अंधा भी अगर लेना चाहे सर्टिफिकेट तो उसको भी मिल जाएगा कि उसकी आंखें है। ऐसे ईमानदार डाक्टर लोग तथा दूसरे लोग हमारे देश में हैं। इस बार डाक्टरी कराना गरीब आदमी के लिये मुश्किल होगी। एक बार करा दें, बार बार न करायें। यह मुनासिब नहीं है।

अन्त में मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि एक अच्छा बिल आप सदन में लायें और ठीक ढंग से आप समाजवाद की ओर बढ़ें, यही मेरी आप से अपील है।

श्री नाथूराम अहिरवार (टीकमगढ़) : जो बिल मन्त्री जी ने पेश किया है उसका मैं समर्थन करते हुए कुछ सुझाव देना चाहता हूं।

जिस बिल में एमेंडमेंट्स मन्त्री महोदय ने पेश की है वह बिल 1939 का बना हुआ है। इस बिल को बने तीस साल हो गए हैं। बजाय इसके कि इस बिल में संशोधन करने वाला विधेयक वह लाते उनको चाहिये था कि बिल्कुल नया बिल वह लाते। 1939 की जो पीढ़ी थी वह पुरानी पीढ़ी हो चुकी है। तब से कई नई बातें हो चुकी है। जिस की पैमाइश 1939 में हुई थी उसके छः बच्चे हो गए होंगे। आज की स्थिति को ध्यान में रखते हुए उनको एक नया विधेयक लाना चाहिये।

हम देखें कि हर जगह मोटरों की भरमार है। बसों में बहुत ओवर-क्राउडिंग होता है। इसका कारण यह नहीं है कि आदमी ज्यादा चलने वाले हैं। बल्कि इसका कारण यह है कि हर स्टेट में मोटर परमिट्स पर बहुत सी रेस्ट्रिक्शंज, प्रतिबन्ध लगाए गये हैं। परमिट हासिल

करने की लोगों में होड़ लग जाती है। पचास मील लम्बे रूट के लिए अगर परमिट लेना होता है तो पैसे वाले हो ले सकते है क्यों कि दो दो सौ और पांच पांच सौ रुपया फी मील के हिसाब से बिड लग जाता है। जो ज्यादा पैसा देगा, उसको परमिट मिल जाएगा। मैं चाहता हूं कि केन्द्रीय सरकार राज्य सरकारों को राय दे कि जितने भी लोग जिस रुट के लिए परमिट लेना चाहें उनको परमिट लेने की खुली छूट दे दी जाए। हर एक आदमी को तो परमिट लेना चाहे, मिलना चाहिये ताकि बसें चलाने वालों के मध्य कम्पीटिशन हो और अगर कम्पीटिशन होगा तो वे ज्यादा सवारियां ले जायेंगे, लोगों को सुविधायें प्रदान करेंगे। जो पैसे वाले होते है आज की व्यवस्था मे वे अनेकों परमिट ले लेते हैं और उनकी उस रूट पर मोनोपोली हो जाती है।

बसों में कितनी सवारियां बैठे और कितनी सवारियां न बैठे, इसके बारे में अगर वे लोग दारोगा से मिल जाते हैं तो फिर उनकी चांदी ही चांदी है। फिर आनन्द से वे जितनी सवारियां चाहें ले जा सकते है। दारोगा जी घर में नहा रहे हों या नाश्ता कर रहे हों, तो उनके घर के आगे से बस तब तक नहीं जा सकती है जब तक वह नहा कर या नाश्ता करके नहीं आ जाते हैं। तब तक बस वहीं खड़ी रहती है। सवारियां परेशान होती हैं, जो बीमार सवारियां होती हैं, वे भी परेशान होती हैं। इस तरह की जो चीज है यह नहीं होनी चाहिये। समय पर बसों को चलना चाहिये।

जो रोड्ज हैं वे भी ठीक हालत में रहनी चाहिये। न केवल प्रांतीय सड़कें है, बल्कि जो नैशनल हाइवेज हैं, वे भी आजकल बहुत खराब हालत में हैं। सागर से ग्वालियर, झांसी, ललितपुर हो कर नैशनल हाइवे नम्बर 26 आगे नागपुर की तरफ चली जाती है। इस सड़क की हालत बहुत खराब है। इस सड़क की हालत को देखें तो आपको पता चलेगा कि हमारे जो जिलें की सड़कें हैं, उससे भी कहीं बदतर हालत इस सड़क की है। बैलगाड़ी के रास्ते से भी खराब उसकी हालत है। केन्द्रीय सरकार को चाहिये कि इन सड़कों के वास्ते वह सीधे राज्य सरकार को पैसा दे दिया करे और वह इन सड़कों की मरम्मत करा दिया करें। आपके पास न उतना स्टाफ है, न गैंग है और न आप उनकी देखभाल कर सकते हैं। राज्य सरकारों को आप पूरा पैसा दे दें तो वे उनको ठीक ठाक हालत मे रख सकती हैं।

नैशनल हाइवेज पर बहुत सी नदियां भी पड़ जाती हैं जिन पर पुल बनाने की जरुरत पड़ती है। इनको लेकर दो राज्यों के बीच में झगड़े भी पैदा होते हैं। झगड़े इस लिये होते हैं कि कितना आप देंगे और कितना दूसरी सरकार देगी। मैं आपको एक उदाहरण देना चाहता हूं। झांसी और टीकमगढ़ के बीच जामन नदी पर घूंटाघाट है। वह डाकू ग्रस्त क्षेत्र है। डाकू डकैती डाल कर उत्तर प्रदेश में चले जाते हैं। वहां पुल के लिए हम सरकार से बार बार मांग करते रहे हैं। अब जा कर सरकार ने शायद उसकी मंजूरी दी है और उसके लिए सौलह लाख रुपये का प्राविजन किया है। हम चाहते हैं कि जल्दी उस पुल का निर्माण किया जाए इस तरह से जहां जहां पुलों की आवश्यकता है, वहां वहां पुल जल्दी बना दिये जाने चाहियें।

हम रेल गाड़ी की मांग करते है तो आप कहते है कि हमारे पास पैसा नहीं है। सड़कों की मांग करते हैं तो सड़कें भी आप नहीं देते हैं। लेकिन यहां पर नार्थ एवेन्यू में एम पीज के जहां बगले है, वहां डामर की सड़कें भी हैं और वहां बजरी भी बिछाई गई है। यहां पर तो इतनी सुविधायें लेकिन वहां सड़क तक नहीं। हमारा देश गरीब देश है। 80 प्रतिशत जनता देहातों में रहती है। वहां पर आप ज्यादा सड़कें बनायें न कि दिल्ली और कलकत्ते में। पहली योजना में कहा गया था कि कोई गांवऐसा नहीं रहेगा जो सड़क से पांच मील दूर हो, हर गांव

[श्री नाथूराम अहिरवार]

में स्कूल हो, पांच दस हजार की आबादी पर अस्पताल होगा। हम गांवों के लोगों को स्वास्थ्य सम्बन्धी सुविधायें देना चाहते हैं, हम उन के लिए पीने के पानी की व्यवस्था करना चाहते हैं, आदि। लेकिन इस तरफ ध्यान न दे कर सरकार ने एक दूसरा ही रास्ता अपना लिया है। गांवों की जनता की आवश्यकताओं की तरफ ध्यान न दे कर वह बड़े बड़े शहरों में सड़कें बनाने में लगी है, ताकि उन पर मोटरें आदि सुविधा से चल सकें। केन्द्रीय सरकार विभिन्न राज्य सरकारों को इतने ज्यादा फंड्ज़ दे कि वे देहात की सड़कों की मरम्मत करवा सकें।

हम देखते हैं कि राज्य सरकारों द्वारा परिवहन का यांत्रिक राष्ट्रीयकरण किया जाता है, जिस से एक ही रूट पर सरकारी बसें भी चलती हैं और प्राईवेट बसें भी चलती हैं। होता यह है कि प्राइवेट बसों वाले सरकारी बसों के कन्डक्टर और ड्राइवर को दस रुपये देते है और वे अपनी गाड़ी को खाली ले जा कर सीधे अपने अड्डे पर ले जाते हैं और प्राइवेट बसों वाले सब सवारियों को उठा लेते हैं। इस प्रकार दस रुपये ले कर सरकारी बसों के कर्मचारी सरकार को नुकसान पहुंचाते हैं। इस लिए ऐसी व्यवस्था की जानी चाहिए कि राज्य सरकारें किसी भी रूट को पूरी तरह से नैशनलाइज़ करें और उस पर प्राईवेट बसों को चलने की अनुमति न हो।

मैं तहसील हैडक्वार्टर निवाड़ी में रहता हूं। यू० पी० की बसें वहां से होकर गुज़रती हैं, लेकिन वहां पर उनका कोई स्टैन्ड नहीं बनाया गया है। बस स्टैन्ड वहां से पांच मील दूर बनाया गया है और जो कोई हमारे यहां आना चाहता है, उस को पांच मील दूर बने स्टैंड तक का टिकट दिया जाता है। मैंने इस बारे में कई दफा उत्तर प्रदेश सरकार को लिखा, लेकिन उस ने अभी तक वहां कोई बस स्टैन्ड बनाने की व्यवस्था नहीं की है।

मेरा निवेदन है कि केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकारों को आम जनता को अधिक से अधिक सुविधायें देने की व्यवस्था करनी चाहिए। बसों के परमिट के लिए जितनी भी दरख्वास्तें आती हैं, उन सब को परमिट दिये जायें, ताकि कम्पीटीशन में वे ज्यादा से ज्यादा लोगों को ले जायें। थोड़ी बसें होने से जनता को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है।

जनता की आवश्यकताओं को देखते हुए सरकार इस विषय में एक नया पूर्ण बिल लाये।

मैं इस बिल का समर्थन करता हूं।

श्री शिव चन्द्र झा (मधुबनी) : सभापति महोदय, इस विधेयक को पेश करते हुए मन्त्री महोदय ने कहा कि वह इस बारे में एक काम्प्रिहेंसिव बिल लाने वाले हैं। मैं उन से यह जानना चाहता हूं कि जब वह इस बारे में एक काम्प्रिहेंसिव बिल लाने वाले हैं, तो फिर उन्हें यह बिल लाने की ऐसी कौन सी सख्त ज़रुरत पड़ गई। तमाम सदस्यों ने कहा है कि इस बिल में बड़ी गड़बड़ है। मै भी उन की राय से सहमत हूं।

Shri Naidu asked why we should extend the period for filing claims from 60 to 180 days. The man who is injured may be in hospital. The place where he was injured may be far away from the place in district or tehsil headquarters where he should file the claim. Some persons represented to us that their claims were time-barred because they were in hospital and could not file the claims in time. So we have extended the timelimit. Also, along with the claim, they have to file the police report. Some police proceedings are not completed within the existing timelimit. Hence this extenstion.

Then a point was generally made asking why when a permit is issued for three years and there is delay on the part of the State Government in issuing the permit, the period of delay is also included in the permit. Previously when an application was made for permit, the time used to be 60 days. Now we have extended it to 120 days Also when an application for renewal was made, the formalities were not completed in some States in six months or four months or three months. In some cases, the permits were renewed from the date of expiry of the original permit while in others it was effective from the actual date of sanction. We wanted that there should be fixed time within which this should be done and there should be uniformity in this regard. So whatever time is taken in the process should be included in the period of three years. There were also complaints received that purposely the whole matter was delayed so that they could get more benefit. We do not want to give any benefit this way or that way. When a permit is issued again for three years, that time will be included and the fees will be refunded. The rules were different in different States, but now we have made it uniform.

Clause 29 states that when the buses of one State pass through the corridor of another State, they will not require any counter-signature up to 8 km There is a suggestion that it should be increased to 16 km, as it was in the original Act. We are not increasing because if we increase to 16 km practically any bus can pass through some part of Union Territories like Delhi, Chandigarh, etc. without taking permit. That will create more complications and that is why the Select Committee has made it 8 km. Even if it is more than 8 km., it does not debar a person from going, only he has to take the counter signature of that State through which he is passing.

श्री क० ना० तिवारी (बेतिया) : 16 किलोमीटर तो पहले था । उसको 8 किलोमीटर कर दिया है । सिगनेचर लेने की बात आप करते है । आप जानते हैं कि करप्शन कितना है । इसलिये अभी तक तो दिल्ली की बात है, मैं हरियाना और चंडीगढ़ की बात कर रहा हूं क्योंकि इनके चंडीगढ़ और हरियाणा को बने बहुत अर्सा हो गया तो उसमें कोई दिक्कत नहीं आई तो उसको 8 किलोमीटर क्यों कर रहे है, 16 किलोमीटर क्यों नहीं कर रहे है ?

SHRI IQBAL SINGH : We are bringing this for the first time. So far there was no other counter-signature.

SHRI K. N. TIWARY : Because you are a Minister, you cannot be ignorant of it I do not know whether you run any bus.

SHRI IQBAL SINGH : I do not.

SHRI K. N. TIWARY : Had you been running, you might have come to know by this time that every officer takes somethin before putting his signature So, do yo

mean to say that you want to put every bus owner to truck owner to disadvantage ?

SHRI IQBAL SINGH : I appreciate what my respectable friend says. If we allow more distance, the States through which the buses pass will lose revenue, and the States objected to that. So, for that purpose also for the first time we have given this facility. Let us watch this and in future if further extension is required, we will exmine it in the next Bill.

So far, one had to pass through three regional authorities. Now we are giving powers to the State Governments and the counter-signature can be taken at one place, either at the State level or the regional level. These two facilities we are giving and we think that with these facilities there will be some improvement If still they feel that the smaller State will lose larger revenue, we will take note of that.

श्री ओम प्रकाश त्यागी : अगर एक बस यहां दिल्ली से चलती है तो बीच में हरियाणा आया, फिर पंजाब आया, फिर उत्तर प्रदेश आया तो इस तरह वह बेचारा हस्ताक्षर ही लेता रहेगा।

श्री इकबाल सिंह : सबसे बड़ा ऐतराज तो दिल्ली का ही है। उनका ऐतराज सबसे बड़ा है।

We shall consider all the other points raised by the hon Members and benefit by them when a Bill is drafted in the future. Because this Bill has been pending for the last four yeas; this will benefit the workers Previously, they were to work for nine hours at the steering wheel; we are reducing it to eight hours. Clause 41 is in favour of nationalisation There were so many objections and counter objections and nationalisation was kept pending and it could not be finalised. This Bill enables that and we do not want to delay things. We have given such a type of formula in clause 41 which was agreed in the Rajya Sabha and both sides will not feel any difficulty.

Some points were made about writing number plates in English and the other languages. We ... examining it; we have asked the State Governments. We propose to bring in legislation after ascertaining the views of all the State Governments. It will help enforcement of law; a constable who will be more or less a matriculate should be able to read all the regional languages if we allow all the regional languages to be used. Why not then go to the new formula where only the number are there ? We are considering the most effective way of enforcement.

श्री ओम प्रकाश त्यागी : सबसे जरूरी चीज यह है कि जो गाड़ियां ऐक्सिडेंड करके भाग रही हैं उनका चालान करना होगा पुलिस को। अभी आप एग्जामिन ही कर रहे हैं कि अंग्रेजी नम्बर हों या न हों या रीजनल लैंग्वेज में हों।

श्री इकबाल सिंह : इस बिल में इस वक्त जो दिया गया है वह है, लेकिन बाद में हम उस को बदलेंगे। यह कैसे हो इस की बाबत राय बना कर और सबको साथ ले कर ही हम उसको बदल सकते हैं।

श्री इसहाक सम्भली (अमरोहा) : ज्वायेंट कमेटी में सुझाव दिया गया था कि अंग्रेजी में नम्बर जरूर हो और रीजनल लेंग्वेजमें भी हो। इस पर मिनिस्टर साहब ने गौर करने का वादा किया था।

[شری اسحاق سمبھلی (امروھہ)
جوائنٹ کمیٹی میں سجھاو دیا گیا تھا کہ
انگریزی میں نمبر ضرور ھو اور ریجنل
لینگویج میں بھی ھو۔اس پر منسٹر
صاحب نے غور کرنے کا واعدہ کیا تھا۔]

श्री इकबाल सिंह : मैंने कहा कि हम गौर कर रहे हैं कि अंग्रेजी में हो उसके साथ हिन्दी में हो और रीजनल लेंग्वेज में हो या वहां पर सिर्फ नम्बर ही हो। स्टेट को भी नम्बर दे दिये जायें जैसे कि यू पी को मान लीजिये 15 नम्बर दे दिया गया, किसी को कुछ और दे दिया गया और उस के बाद

[श्री इकबाल सिंह]

डिस्ट्रिक्ट का नम्बर दे दिया गया। नीचे भी नम्बर, ऊपर भी नम्बर। वहां कोई अल्फाज़ है ही नहीं। इन सब चीजों पर हम गौर कर रहे हैं। इस के बाद स्टेट्स के साथ राय करके फैसला करेंगे। जिस पर वह रजामन्द होंगे वही हम रक्खेंगे। जब तक हम उसको बदलेंगे नहीं तब तक मौजूदा चीज को चालू रक्खेंगे।

इन शब्दों के साथ मैं चाहता हूं कि इस बिल को कंसीडरेशन में लिया जाये।

MR. CHAIRMAN : The question is :

" That the Bill further to amend the Motor Vehicles Act, 1939, as passed by Rajya Sabha, be taken into consideration."

The motion was adopted.

Clause 2.–*(Amendment of section 2.)*

MR. CHAIRMAN : We take up clause 2. There are two amendments-40 and 41 by Shri Lobo Prabhu. Shri Abdul Ghani Dar is not here.

SHRI LOBO PRABHU (Udipi) : I move :

Page 2 -

omit lines 23 to 26. (40)

Page 3, line 5,-

for "State" *substitute* "Central" (41)

I may begin by saying that I have some experience of motor transport administration. I have been a district officer and to that extent I have been a regional transport authority for a number of years. I have also been Home Secretary. In those circumstances I am in a position to lay my knowledge before this House and I hope they will bear with me if I point out that there are three or four main defects in the administration of motor transport. These will come again and again in the various amendments which I have tabled.

The first defect was mentioned by my good friend Tenneti Viswanatham-the excessive liability to accidents of our motor transport. He mentioned that the daily mortality rate was 350. Even accepting that very conservative figure; it means that in three days motor transport does what the railway does in a year. Their fatal accidents add up to 800. This is not a matter about which the Minister could be complacent, when we are killing off our population at this very high rate of 350 persons a day. That is important, because it is so serious, and that is the basis of the first amendment which I am moving about the weight of the buses and the speed which you allow for the medium and the heavy vehicles.

The second grave and big defect is corruption. This has also been mentioned, and I shall make this matter very clear with the figures. Not a single permit is given, not a single licence is renewed by the Regional Transport Officer unless Rs. 25 are paid. There is no denying this. I have written to the Vigilance Commissioner, both at the State level and at the Central level, but they have not been able to do anything. The permit, if it is on a good service route-can fetch Rs. 30,000 on transfer. It, therefore, means that the opportunities for corruption by the vendability of a permit are enormous, and at the stage of giving the permits, the opportunities for corruption cannot be at all assessed. I am going to say a little more on the subject later on, because I myself had something to do with a system known as the marking system; this was aimed to reduce the amount of discretion of the issuing authority. In adddition to that, we have corruption through the police. There is not a single bus checked by any police station on the route without paying a certain *mamul* which may be Rs. 2 to Rs. 8 according to the needs of the police station, but on an average—I have calculated this—Rs. 3,000 is the monthly earning of a police station from buses and lorries.

The third point which I want to stress is that our road transport is most costly in the country. It was said sometime ago in this House that only the taxes paid on mileage per tonne on road transport exceeded the total charges made by the railways for the same disance: only the taxes. This is a very, very high rate. It is unfair to road

transport. When you come to passengers, you have the railways carrying the passengers, at four paise, and you have the bus which takes them at nine to 10 paise. These are the three main defects; in the frame-work of these defects, I am proposing my various amendments.

My first amendment is in respect of the weight of the buses. For heavy buses, it has been raised from 8,200 to 11,000 and for the medium buses, from 3,000 to 4,000. What we have to consider in raising the limits is that though buses may have improved in respect of their mechanical aids, their difficulties in regard to the road or other traffic have not been remedied, in keeping with the size of the buses. Therefore, when you think in terms of liberalising the weight of the buses, you are without doubt adding to the incidence of accidents.

I would mention one thing which was reported in the papers recently. A heavy bus travelling one direction near Bangalore and a car travelling in the other direction met because the heavy bus had a deflated tyre. The result was that when the remains of the car were examined, not one of the seven bodies in the car could be identified. This is an aspect which arises both from the size and the speed of the bus. So, I would say that before you liberalise these rules in respect of weight and consequently in respect of speed, you must have better roads and you must have accident proof transport/vehicles.

I will speak tomorrow on the other amendments.

MR. CHAIRMAN : I shall put the amendment to the vote.

SHRI LOBO PRABHU : I have spoken on only one amendment.

MR. CHAIRMAN : I am putting amendment No. 40 now.

SHRI LOBO PRABHU : The time was up, and therefore, I stopped.

MR. CHAIRMAN : We will put the first amendment.

SHRI LOBO PRABHU : Tomorrow, I will speak on the second amendment.

MR. CHAIRMAN : I am putting amendment No. 40.

Amendment No. 40 was put and negatived.

MR. CHAIRMAN : We will now take up the other discussion. It is now 4.30.

16.30 hrs.

MOTION RE : SUBVERSIVE AND VIOLENT ACTIVITIES IN THE COUNTRY--*Contd.*

MR. CHAIRMAN : The House will now resume further consideration of the following motion moved by Shri Prakash Vir Shastri on 16th May, 1969, namely :-

> "That the situtation arising out of the encouragement being given to the subversive and violent activities in the country by certain political parties and by some foreign powers, be taken into consideration."

We have one hour.

SHRI UMANATH (Pudukkottai) : Yesterday during the discussion on drought in Rajasthan, representatives of three groups could not get any time to speak at all because the Chair said the time was over. That should not be repeated today. Whatever time is fixed, I would request you to see that all groups' representatives have their say, because the subject is important.

MR. CHAIRMAN : It is not possible to call all the parties on all the subjects.

SHRI TENNETI VISWANATHAM (Visakhapatnam) : That would be doing violence to non-violence !

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI Y. B. CHAVAN) : There is a half hour discussion at 5.30. Therefore, I take it that this discussion will be for one hour from 4.30 to 5.30 and this is going to spill over to some other day. The debate would not be concluded today.

MR. CHAIRMAN : Shri Prakash Vir Shastri may continue his speech.

श्री प्रकाशवीर शास्त्री (हापुड़) : सभापति महोदय, कुछ राजनैतिक दलों द्वारा विदेशों से सहयोग लेकर देश में जो अराजकता, तोड़-फोड़ और हिंसा की प्रवृत्तियों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है, जो कि हमारे जनतन्त्र और स्वतन्त्रता के लिए चुनौती बन गई हैं, आज मैं उस प्रश्न को इस सदन में उपस्थित करना चाहता हूं ।

जिस समय मैं इस प्रश्न पर चर्चा करने जा रहा हूं, आज से ठीक पांच दिन के बाद एक प्रमुख राज्य के मुख्य मन्त्री और उनके साथी अपनी विवशता की सीमी लांघने पर उस राज्य में साठ जगह सत्याग्रह करने जा रहे हैं । यह स्वाभाविक ही है कि जब थानों और पुलिस पर हमला करके हथियार लूटे जा रहे हों, रक्षा सामग्री ले जाने वाली गाड़ियों को जंगल में खड़ा करके लूटा जा रहा हो, विदेशों से भी धन, हथियार और साहित्य भारी मात्रा में आ रहा हो, राजनैतिक हत्याओं का सैकड़ों की तादाद में तांता लग गया हो, पुलिस और दूसरी सरकारी सेवाओं में अपने ढंग की भरती आरम्भ हो गई हो, न्यायालयों में राष्ट्र-द्रोह और फौजदारी के अभियोग सरकारी स्तर पर वापिस हो रहे हों, संविधान के स्थान पर सशस्त्र संघर्ष का आह्वान किया जा रहा हो, तो किसी राज्य का मुख्य मन्त्री विवशता की स्थिति में सत्याग्रह का सहारा ले, यह एक बड़ी गम्भीर और सोचने योग्य बात है ।

16.33 hrs.

[SHRI VASUDEWAN NAIR *in the Chair*]

कुछ राज्यों में ऐसी भी स्थिति है कि कुछ राजनैतिक दलों ने अपनी स्वतन्त्र अदालतें बना कर सजा और जुर्माने करने भी प्रारम्भ कर दिये हैं । मेरे हाथ में एक ऐसे ही आदेश की फोटो-कापी है, जिसमें पश्चिमी बंगाल के दीनाजपुर जिले के काकी गांव में इस तरह की एक अदालत ने किसी व्यक्ति पर जुर्माना किया गया है ।

ये घटनायें देश के सीमावर्ती राज्यों में प्रमुख रूप से हो रही हैं । इनके केन्द्र आन्ध्र, केरल, उड़ीसा, बिहार, उत्तरप्रदेश, पंजाब और असम जैसे सीमावर्ती राज्य तो हैं ही लेकिन मैं इन सब राज्यों के सम्बन्ध में विस्तार में न जाकर पहले अकेले पश्चिमी बंगाल के सम्बन्ध में कुछ घटनाओं की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं ।

पश्चिमी बंगाल में अक्तूबर से पहले पिछले सात महीनों में 378 कत्ल और 201 राजनैतिक कार्यकर्ताओं की हत्यायें हो चुकी हैं । अगस्त और सितम्बर के दो महीनों में राजनैतिक दलों में 65 आपसी संघर्ष हुए, जिनमें 673 व्यक्ति घायल हुए । रवीन्द्र सरोवर कांड के अलावा अन्य मामलों में आठ महिलाओं की इज्जत लूटी गई । 36 हाई स्कूलों के मुख्याध्यापकों को डरा धमका कर त्यागपत्र देने के लिए विवश किया गया । 37 मामलों में कानून और व्यवस्था का खुले आम उल्लंघन करके अस्पतालों के कर्मचारियों पर आक्रमण किये गये । पुलिस ने 292 मामलों में उदासीनता बरती । जिनमें 202 मामले अकेले 24 परगना जिले के है । इन सात दुर्भाग्यपूर्ण महीनों में औद्योगिक क्षेत्र के अन्दर 551 हड़तालें हुई । अगस्त तक 367 घेराव और 73 कारखनों में तालाबन्दी हुई । 5 लाख 74 हजार कर्मचारी हड़ताल और तालाबन्दी से प्रभावित हुए । 61 लाख श्रम के घन्टे बरबाद हुए और 1010 इस प्रकार के अभियोग थे जो कचहरियों में चल रहे थे लेकिन राज्य सरकार ने उनको वापस लिया । इसी तरह से 218 ऐसे गरीब और मध्यम श्रेणी के किसान थे जिनकी धरती पर बलात् कब्जा किया गया । यह घटनाएं जिनको मैं सुना रहा हूं पश्चिम बंगाल में विशेष रूप से दार्जिलिंग, जलपाईगुड़ी, नदिया 24 परगना, हुगली, बर्दवान, पुरुलिया, मिदनापुर और विशेषकर कलकत्ता में हुई । इसी प्रकार की घटनाएं आन्ध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम जिले में विशेष रूप से वनवासी क्षेत्र के अन्दर बढ़ रही हैं । उसके

अतिरिक्त आन्ध्र के दूसरे जिलों मे भी बराबर यह गतिविधियां बढ़ रही हैं।

SHRI H. N. MUKERJEE (Calcutta North East) : Sir, I rise on a point of order. I think it is recognised parliamentary practice that if the affairs of a particular State in our Union of States is going to be discussed in the detailed manner which Shri Prakash Vir Shastri has already displayed, then that is not permissible under the rules unless there is some special reason where you can invoke the provisions of the Constitution or parliamentary procedure. I can understand Shri Shastri talking about what he says his motion purports to be, the situation which has arisen out of what he considers to be "undesirable activities" of certain people. But to give, on his own computation, particularly in relation to a particular State, namely, West Bengal, a whole host of figures which are open to doubt and controversy, and to base his motion on that, is certainly against the spirit of the rules and entirely unwarranted by the Rules of Procedure. If we are going to have a discussion on West Bengal law and order problem, if this Parliament has the right to be in possession of facts, all right let us go ahead; but why do it by the back door ? Why not we put the matter on a higher pedestal of principled discussion of what is happening in some parts of our country ? Why should we try to put the West Bengal Government in the dock, as Shri Shastri has tried to do ? He has mentioned the Rabindra Sarovar incident and even Shri Chavan must be rather ashamed in regard to the kind of exaggeration which he has made of this particular incident. I say this is absolutely unwarranted procedure and this is not a proper discussion... (*Interruptions*)

SHRI RANGA (Srikakulam) : I would like to say something on this point of order.

श्री जयपाल सिंह (खुन्टी) : मेरा भी एक व्यवस्था का सवाल है। जो बात मेरे पुराने मित्र ने कही....

MR. CHAIRMAN : I have not allowed him to raise that point of order.

SHRI JAIPAL SINGH : How can you shut out members from raising points of orders ?

MR. CHAIRMAN : Because I have to give my ruling on a point of order which has already been raised.

SHRI JAIPAL SINGH : Then I will raise mine after the ruling is given.

MR. CHAIRMAN : It is very clear to every hon. Member that the motion is worded in very general terms. It refers to the general situation of violence and subversive activities in the country. I hope hon. Members would refrain from going into the details of the law and order situation in a particular State because then the State Legislature and the State Government come into the picture. Of course, when such a discussion is taking place I cannot entirely shut out members from making some references to some of those incidents. All the same, I would request the mover as well as other members not to make an accusation or a chargesheet against any particular State government, because that will not help us. As Professor Mukerjee has rightly pointed out it should not appear that this discussion is directed against any particular State or State Government. Of course, it is obvious that we cannot be completely shut out from making any reference to any particular incident. I hope, within that limit Members will make only responsible statements in the House and we can proceed with the discussion.

SHRI S.M. BANERJEE (Kanpur) : I rise on a point of order.

MR. CHAIRMAN : Why should we waste time on orther points of order ?

SHRI S. M. BANERJEE : I can assure you, I am not going to waste the time of the House. My point of order is based on past rulings.

MR. CHAIRMAN : I am sure, both Shri Banerjee and Shri Jaipal Singh will cooperate with the Chair as well as with the House in not raising points of order at this stage.

SHRI S. M. BANERJEE : I can assure you, I will co operate with you in the Chair and even here.

MR. CHAIRMAN : Let us now proceed with the discusston. Let us wait and see. Shri Prakash Vir Shastri may continue his speech.

श्री मोहम्मद इस्माइल (बैरकपुर) : लेकिन इसको एक्सपन्ज कराइये, अब तक उन्होंने एक ही स्टेट के बारे में कहा है ।.... (**व्यवधान**) ...

श्री ओम प्रकाश त्यागी (मुरादाबाद) : एक के बारे मैंने नहीं कहा है, दूसरी स्टेटों के बारे में भी कहा है । ...(**व्यवधान**)...

श्री मोहम्मद इस्माइल : आपकी रूलिंग के मुताबिक काम होना चाहिये ।

श्री प्रकाश वीर शास्त्री : सभापति महोदय, मैं पश्चिमी बंगाल के बाद आन्ध्र प्रदेश की चर्चा कर रहा था...

श्री जयपाल सिंह : चेयरमैन साहब, मैं बहुत कम हिन्दी में बोलता हूं । देखिए ये हमारे पुराने मित्र हैं ...

MR. CHAIRMAN : Are you speaking on that point of order ?

SHRI JAIPAL SINGH : Yes, Sir.

MR. CHAIRMAN : I have already given my ruling on that.

SHRI JAIPAL SINGH : I know.

MR. CHAIRMAN : Perhaps, it is not a point of order; you want to enlighten the House.

SHRI JAIPAL SINGH : It is a point of order.

My hon. friend, Professor Hirendra Nath Mukhopadhyaya, raised a point of order and you have already stated that a general discussion can take place but references to details or to States cannot be made.

MR. CHAIRMAN : Accusation of State Governments or of particular States should be avoided.

SHRI JAIPAL SINGH : It should be avoided if it can be avoided.

MR. CHAIRMAN : That should be avoided.

SHRI JAIPAL SINGH : My hon. friend, Shri Prakash Vir Shastri cannot make out his case unless he gives you instances.

SHRI R. D. BHANDARE (Bombay Central) : That he has allowed.

SHRI JAIPAL SINGH : Then how do you avoid instances ? I want to know that. My hon. friend, Shri Prakash Vir Shastri has been to my State. He has been to Ranchi, my constituency.

MR. CHAIRMAN : I cannot allow this speech to go on like this. I cannot be indulgent to one hon. Member like that.

SHRI JAIPAL SINGH : Professor Hirendra Nath Mukherjee has raised a point that details cannot be mentioned and you say that little things can be mentioned. I want to know...(*Interruption*)

MR. CHAIRMAN : Will you please read the motion yourself ? The motion is about the activities of certain political parties and some foreign powers. The motion itself is an obvious motion. It is not a charge-sheet against any State Government. You cannot accuse the State Governments

SHRI JAIPAL SINGH : I submit..... (*Interruption*)

MR. CHAIRMAN : Order, Order. This cannot continue.

SHRI JAIPAL SINGH : I submit to you. I sit down.

श्री प्रकाश वीर शास्त्री : सभापति जी, मैंने प्रारम्भ में यह कहा था कि देश के सीमावर्ती राज्यों में विशेषकर इस प्रकार की घटनायें हो रही है । बंगाल के पश्चात् मैंने

आन्ध्र की घटनाओं का कुछ उल्लेख किया था। उसके पश्चात् तीसरा उल्लेख में उड़ीसा के सम्बन्ध में कर रहा था। उड़ीसा के उप-मुख्य मन्त्री, श्री पवित्र मोहन प्रधान से अभी कुछ दिन पहले दिल्ली में ही मुलाकात हुई थी। उन्होंने बताया कि आन्ध्र और उड़ीसा की सीमा पर इस प्रकार की दर्दनाक घटनाएं भी होती हैं कि जीवित आदमियों को पेड़ पर लटका कर उसके शरीर के एक एक अंग को पृथक पृथक काटा जाता है–और सबके सामने इस प्रकार का प्रदर्शन होता है और कहते हैं देखो हमारे विरोध करने का क्या परिणाम सामने आता है ?

अभी कुछ दिन पहले असम के वित्त मन्त्री श्री त्रिपाठी ने 21 मार्च को राज्य विधानसभा में एक वक्तव्य दिया कि शिव सागर जिले में नागा विद्रोहियों के साथ मिल करके जो इस प्रकार के तत्व हैं वे किस तरह से असम सरकार का तखता पलटने का यत्न कर रहे हैं। उन तत्वों ने अपने कार्यक्रम में अनेक बातें रखी हैं जैसे रेल के पुलों को उड़ाना, पाइप लाइन, पेट्रोल डिपो और हवाई अड्डो को नष्ट करना इत्यादि। इसी प्रकार की कुछ घटनाओं की आवृति उत्तर प्रदेश में हुई हैं। बिहार की जो सीमा नेपाल से लगती है वहां पर भी इस तरह की घटनायें हुई है। पंजाब में रोपड के पास भी इसी प्रकार की घटनायें हुई है। केरल में भी ऐसी ही घटनायें हुई हैं।

मैं इन सब बातों के विस्तार में अधिक न जाकर प्रमुख रूप से इस बात पर आता हूं कि आखिर इन सब का सूत्र संचालन कहां से हो रहा है।.....(व्यवधान)...अबसे कुछ दिन पहले अप्रैल के महीने में....(व्यवधान)

श्री इसहाक सामली (अमरोहा): यू०पी० का जिक्र नहीं किया कि जिला मुजफ्फर नगर में श्री जैन को बी० के० डी० वालों ने मार डाला।...(व्यवधान)...

[شری اسحاق سمبھلی (امروھہ) یو پی کا ذکر نہیں کیا کہ ضلع مظفرنگر میں شری جین کو بی-کے-ڈی-والوں نے مار ڈالا...(ویودھان)-]

श्री कंवरलाल गुप्त (दिल्ली सदर) : चोर की दाढ़ी में तिनका ...(व्यवधान)

श्री प्रकाश वीर शास्त्री : सभापति जी, मैं यह कह रहा था कि इन सबका सूत्र संचालन कहां से होता है मैं उसकी पृष्ठभूमि में ले जाना चाहता हूं। सदन के सदस्यों को ज्ञात होगा कि अभी कुछ दिन पहले अप्रैल के महीने में चीन में साम्यवादी पार्टी का 9वां सम्मेलन हुआ था। उसमें उन्होंने दक्षिण पूर्व एशिया के सम्बन्ध में अपने दस्तावेज पेश किए कि किस किस देश में हमारा कार्यक्रम किस ढंग से चल रहा है। भारत के सम्बन्ध में भी, पार्टी के जो उपाध्यक्ष श्री लिन पियाओ हैं, उन्होंने अपने कुछ कार्यक्रम दिए। सारी बातें बताते हुए उन्होंने भारत सरकार पर एक आरोप लगाया कि भारत में इस समय जो सरकार चल रही है वह रूस, अमरीका और ब्रिटेन की दास हो चुकी है। हम इस प्रकार का वातावरण वहां पर उत्पन्न कर रहें कि समय आने पर एक धक्के में उस सरकार को वहां से हटाया जायेगा ये सारी योजनायें वहां पर बैठ कर बन रही हैं। उसी आधार पर भारत वर्ष में जो कुछ कार्यक्रम तैयार किए गए हैं उनमें से कुछ इस प्रकार है;

1. सत्ता बन्दूक की नोक से बदली जा सकती है संविधान से नहीं। सत्ता वोट से नहीं, बुलेट से बदली जा सकती है।

2. किसानों, मजदूरों और छात्रों को सशस्त्र संघर्ष के लिए उभारा जाये।

3. कारखानों के अन्दर घुसकर तोड़-फोड़ की जाये और उत्पादन में बाधा उत्पन्न की जाये।

[श्री प्रकाश वीर शास्त्री]

4. कानून और व्यवस्था को हाथ में लिया जाये। थानों और पुलिस पर हमले किये जायें, इत्यादि।

अखिल भारतीय गोदी कर्मचारी संघ के महामन्त्री, श्री कुलकर्णी ने भी बम्बई में अभी इस तरह के तथ्य का उद्घाटन किया। उन्होंने लिखा था कि पेकिंग से इस प्रकार के निर्देश, उनके निर्देश पर काम करने वाली पार्टियों को आये हैं जिसमें उन्होंने कहा है कि सशस्त्र सेनाओं में, रक्षा प्रतिष्ठानों में और पुलिस के अन्दर भी हमारी पार्टी के लोग प्रवेश करें। उसका प्रकार यह होना चाहिए की उनका रहस्य न खुले इसके लिए हमेशा अपने पास गीता की पुस्तक, कुरान या बाइबिल रखें जिससे उनका रूप धार्मिक रहें। अगर कहीं उनको अपनी मीटिंग करनी हो तो मन्दिर, मश्जिद जैसे स्थानों में करें। यानी इस प्रकार से अन्दर प्रवेश करके तोड़-फोड़ की कार्यवाहियां की जाय और बाहर सशस्त्र विद्रोह किया जाये। यह गोदी कर्मचारी संघ के सेक्रेटरी ने कहा था। इसी सन्दर्भ में शायद गृह मन्त्री श्री चव्हाण को याद होगा कि वे इस सदन में स्वीकार कर चुके हैं कि चीनी दूतावास से केरल में कुछ स्थानों पर मनीआर्डर भेजे गये। केवल गृह मन्त्री श्री चव्हाण ने ही स्वीकार किया हो, ऐसी बात नहीं है, केरल के भूतपूर्व मुख्य मन्त्री, श्री नम्बूद्रीपाद ने स्वयं 26 मार्च को केरल विधान सभा में इस तरह का एक वक्तव्य दिया था और उन्होंने कहा था कि हमारे यहां के वामपंथी साम्यवादी सदस्य श्री कुन्नीकल नारायणन हैं जिनको चीनी दूतावास से दूकान खोलने के लिए धन मिला। इस प्रकार से उन्होने स्वीकार किया कि चीनी दूतावास से यहां पर आर्थिक सहायता आई। रायपुर में गृह राज्य मन्त्री, श्री विद्याचरण शुक्ल ने भी इस बात को स्वीकार किया कि राजनीतिक पार्टियां विदेशों से धन लेकर काम चलाती हैं। जब इस तरह के वक्तव्य गृह मन्त्री श्री चव्हाण ने भी दिए हैं तब मैं चाहूंगा कि जब वे उत्तर दें तो इस बात को बतायें कि आपके गुप्तचर विभाग ने इस प्रकार के जो आकड़े दिए हैं उनमें क्या कुछ इस प्रकार का धन है जो चीन से आता हैं और यहां पर उसका प्रयोग राजनीतिक तोड़-फोड़ के कार्यों में किया जाता है। पूर्वी पाकिस्तान के माध्यम से धन और हथियार दोनों आ रहे हैं। उधर बिहार और उत्तर प्रदेश की सीमा पर नेपाल के अन्दर एक पार्टी है जिसका नाम है माओइस्ट कम्युनिस्ट पार्टी जिसका भारतवर्ष की कुछ पार्टियों के साथ सम्बन्ध है। वहां पर ट्रेनिंग देने का काम, हिन्दी में लिट्रेचर छाप छाप करके बांटने का काम, धन बांटने का काम, इस प्रकार के कार्यक्रम वहां चल रहें है। ये सारी घटनायें उस समय और भी अधिक प्रकाश में आयी जिस समय पहली मई, 1969 को कलकत्ता में कनु सानयाल ने अपनी एक नयी पार्टी का उद्घाटन किया और उन्होंने मार्क्स-लेनिनवादी पार्टी को कार्यक्रम दिया उसमें उन्होंने स्पष्ट रूप से बताया कि माओ की नीतियों का अनुसरण करना हमारा प्रमुख रूप से ध्येय रहेगा। अन्डर ग्राउन्ड (भूमिगत) रह कर हम कार्य करेंगे। देश के विभिन्न क्षेत्रों में सशस्त्र क्रान्ति की तैयारी करेंगे, और हमारी पार्टी की आस्था चीन की पार्टी के साथ में रहेगी। सशस्त्र संघर्ष में आस्था रखने वाले ही इसके सदस्य होंगे, क्रान्ति की परिस्थितियों का पूरा लाभ उठाया जायगा। इसी प्रकार के कार्यक्रम उन्होंने दिये कि कृषक वर्ग में किस तरह से क्रांति की जा सकती है। कैसे उनको सशस्त्र विद्रोह के लिए तैयार किया जाता है? लेकिन मैं इन सारी बातों को कहने के बाद इस सरकार को दोषी ठहराना चाहता हूं। मैं विशेष रूप से कहना चाहता हूं कि या तो अभी तक वह इन सारी विषमताओं की जो गम्भीरता है, या जो सशस्त्र क्रान्ति की तैयारी देश में चल रही हैं, उसकी गम्भीरता को अनुभव नहीं कर रही है। या फिर मेरा यह दोषारोपण है कि अगर सरकार गम्भीरता अनुभव कर रही है तो सरकार के अन्दर कुछ व्यक्ति इस प्रकार के है जिनके मन में इस प्रकार की प्रवृत्तियों के लिए सॉफ्ट कार्नर है।

जो इस प्रकार की प्रवृतियों को देश में चालू रहने देना चाहते हैं ।

आखिरकार यह बात क्या है ? जब सरकार समझती है कि जनतंत्र के लिए चुनौती दी जा रही है, संविधान के लिए चुनौती दी जा रही है, जेलों को खुलवाकर कैदियों को वहां से निकाला जा रहा है, अन्दर घुसकर करोड़ों रु० की सम्पति हमारे कारखानों की नष्ट की जा रही है, खेतों खलिहानों पर बलात कब्जे किये जा रहें हैं, राजनीतिक हत्यायें हो रही है, फिर सरकार चुप्पी साधे क्यों बैठी है । क्यों नहीं इस दिशा में कोई सक्रिय कदम उठाती है ?

कलकत्ते से "देशवृर्ती" नाम का एक पत्र निकलता है, उसमें स्पष्ट रूप से घोषणा की गयी कि हमारा राष्ट्रपति माओसे-तुंग है, वी० वी० गिरी नहीं हो सकता है । तो इतनी सारी बातें होने के बाद अगर सरकार चुप्पी साधती है तो यह शुतुर्मुर्गी नीति है, जैसे वह विपत्ति को देख कर रेत में अपनी गर्दन छुपा लेता है । यह नीति इस देश में नहीं चलेगी ।

दूसरी बात जो मैं विशेष रूप से कहना चाहता हूं वह यह है कि हमारे देश में एक वह भी समय था, गृह मन्त्री, श्री चव्हाण को याद होगा, जब नन्दा जी ने एक बार इसी प्रकार की प्रवृतियों पर प्रतिबन्ध लगाया था । उस समय उन्होंने बताया कि कुछ लोग गुप्त रूप से इस प्रकार का षड़यन्त्र बना रहे थे, इसलिए विवश हो कर यह कदम उठाना पड़ा । लेकिन जब स्पष्ट रूप से षड़यन्त्र सामने आ गया और खुल्लमखुल्ला नारे लगने लगे और खुलकर कनु सान्याल, चारू मजूमदार, जंगल संथाल और नागी रेड्डी, ये सब दहाड़ रहे हैं, उस समय गृह मंत्रालय यह सोचे कि सामाजिक स्तर पर हम उनका समाधान करेंगे, सरकारी स्तर पर समाधान नहीं करेंगे तो यह बात मेरी समझ में नहीं आती ।

आज सात पार्टियां हैं विशेष रूप से जो काम कर रहीं हैं । पहले साम्यवादी पार्टी एक थी । 1962 में बट कर उसके दो टुकड़े हो गये—एक वाम पन्थी और दूसरा दक्षिण पंथी । फिर 1967 में नक्सलाइट ग्रुप निकला । लेकिन अब जो अनेक नये गुट बन गये हैं—नागी रेड्डी ग्रुप, दक्षिण देश, लाल झंडा, कहीं खेत मजदूर, कहीं दक्षिण कम्युनिस्ट, कहीं मार्क्सवादी लेनिनवादी, मिथी गुट,--जो इस प्रकार के गुट हैं जो देश के अन्दर इस प्रकार के कार्यक्रम कर रहे हैं उनको रोकना अत्यन्त आवश्यक है ।

इसलिए मैं चाहता हूं कि सरकार को कुछ सुझाव दूं । और मैं इन शब्दों में देना चाहता हूं :

1. पहला मेरा सुझाव तो यह है कि देश द्रोह की बीमारी के ये कीड़े कहां कहां और किन कारणों से पनप रहें हैं, उन कारणों को दूर किया जाय । केवल यही नहीं कि उनके ऊपर कोई कार्यवाही की जाय । जिन कारणों से यह बुराई पैदा हो रही है उन कारणों का भी समाधान सरकार और देश को मिलकर सोचना चाहिए ।

2. दूसरा सुझाव यह है कि संविधान और जनतन्त्र के विरुद्ध जिन संगठनों ने योजनाबद्ध अभियान छेड रखे हैं उन्हें सख्ती के साथ दबाया जाय ।

3. तीसरा सुझाव यह है कि हिंसा, तोड़-फोड़, अराजकता और हत्या जिनके कार्यक्रम का अंग हो और जिनका संचालन सूत्र भारत से बाहर बैठकर हिलता हो उन राजनीतिक दलों को भारत में कार्य करने की अनुमती न दी जाय ।

4. चौथा सुझाव यह है कि जो राज्य सरकारें इन प्रवृतियों को सरकारी प्रश्रय

[श्री प्रकाश वीर शास्त्री]

दे रही हैं वहां केन्द्र सरकार केवल मूक दर्शक बनी न देखती रहे। वहां की स्थिति भयंकर होने के पूर्व अपने अधिकारों का प्रयोग करें। इसके लिए अगर संविधान में संशोधन करने की भी आवश्यकता हो, तो सरकार को संविधान में संशोधन करना चाहिए लेकिन देश को अराजकता के मार्ग पर जाने से बचाना चाहिए।

पांचवा सुझाव यह है कि चीन और पाकिस्तान जो सीमाओं पर हमले की तैयारी के अतिरिक्त अन्दर भी गड़बड़ पैदा करने में लगे हैं, उनसे राजनीतिक सम्बन्ध समाप्त कर दिये जायें। आस्तीन के सांप पालना दिमागी दिवालियेपन का प्रमाण है।

छटा सुझाव यह है कि जनतन्त्र विरोधी साहित्य विशेपकर माओ और लिन पियाओ आदि के साहित्य को भारत में बिक्री पर प्रतिबन्ध लगाया जाय।

सातवां सुझाव यह है कि साम्यवाद और सम्प्रदायवाद (कम्युनिजम और कम्युनलिजम) का चीन और पाकिस्तान के समझोते के बाद भारत में जो नया गठबन्धन हुआ, उसके परिणामों से सावधान रहा जाय और उससे देश को बचाया जाए।

और अन्त में मेरा सबसे महत्वपूर्ण सुझाव यह है, जिसको मै विशेष रूप से कहना चाहता हूं कि अपनी कुर्सी अथवा सत्ता में बने रहने के लिए कोई ऐसा कदम न उठाया जाय जो देश में इस प्रकार के साम्यवादी तत्वों को प्रोत्साहन दे।

सभापति महोदय। श्री प्रेमचन्द वर्मा....

श्री स० मो० बनर्जी : चरण सिंह साहब को मुख्य मन्त्री बना रहे हैं ?

श्री शिव नारायण (बस्ती) : बनर्जी साहब को यहां का इन्फार्मेशन मिनिस्टर बना दिया जाए। (व्यवधान)

श्री प्रेम चन्द वर्मा (हमीरपुर) : सभापति जी, जो प्रस्ताव सदन के सामने है, उसमें श्री शास्त्री जी ने बहुत सी बातों का उल्लेख किया है। बेशक वे बातें कुछ लोगों को कड़वी लगें लेकिन उन में सच्चाई बहुत हद तक है और जो लोग हकीकत को नज़रान्दाज करते हैं और सच्चाई को सामने देखते हुए आंखों को बन्द करते हैं, वे लोग वास्तव में जनता का प्रतिनिधित्व करने की जिम्मेदारी को नहीं निभाते।

एक माननीय सदस्य : चव्हाण साहब को कहिए।

श्री प्रेम चन्द वर्मा : मुझे बोल लेने दीजिए। ऐसी बातें मुझे भी करनी आती है।

श्री इसाहाक सम्भाली (अमरोहा) : कभी सिंडीकेट में बैठते हैं, कभी यहां बैठते हैं। ....(व्यवधान)....

[شری اسحاق سمبھلی (امروہا): کبھی سنڈیکیٹ میں بیٹھتے ھیں کبھی یہاں بیٹھتے ھیں-]

श्री प्रेम चन्द वर्मा : मैं यह समझता हूं कि यही वे लोग हैं जो इस तरह की कार्यवाही करते है, वे इस सदन में भी शान्ति नहीं रखना चाहते और जमूहरियत के गले को काटना चाहते हैं, किस ढंग से काटना चाहते हैं ...(व्यवधान)... बेशक वे आज हमारा साथ दे रहे हों लेकिन सच्चाई यह है कि देश में जो हालात इस वक्त है कानून के और जिस तरह के उन्होने उदाहरण दिये बंगाल के, वही हालत सारे देश में होने वाली है। मैं पत्रकार होने के नाते यह कह सकता हूं, विश्वास से कह सकता हूं कि ये लोग जो इस प्रकार का देश में एक वातावरण पैदा कर रहे हैं कि वे ताकत के जोर से, गुंडागर्दी के जोर से अपनी बातें मनवाने के लिए हर हर्बा, हर तरीका इस्तेमाल करते रहें, वे तरीके हिन्दुस्तान में कबूल नहीं होगें बेशक थोड़ समय के

लिए वे उन से लाभ उठा सकते हैं। शास्त्री जी ने कहा कि राजनितिक तौर पर जो घटनाएं बंगाल में हो रही हैं, कौन व्यक्ति है जो उनसे सहमत नहीं हो सकता। एक पार्टी के कार्यकर्ता दूसरी पार्टी से लड़ रहे हैं और जनता का वहां पर दिवाला निकल रहा है। वहां के कारोबार का सत्यानाश हो रहा है। इकानाम्कि कंडीशन जो वहां पर है उसका बेड़ा गर्क हो रहा है। बंगाल की जो हालत हो रही है यहां पर भी ये लोग करना चाहते हैं। जो कुछ ये कर रहे हैं, इससे यह अंदाजा लगा सकते हैं कि इनमें सच्चाई नहीं है। अगर इनमें सच्चाई हो तो ये सुनें, दूसरे की बात को सुनें। और जम्हूरियत का ढिंढोरा पीटने वाले लोग दूसरे की बात को टोकते नहीं हैं। जो प्रतिनिधि जम्हूरियत पर विश्वास करते हैं, वह अपने विरोधी की बात सुनते हैं, ये कहते है कि ये बोलते नहीं हैं। ....(व्यवधान)।

17 hrs.

श्री इसहाक सम्भली : आप न्यूज़प्रिंट का कोटा लेते हैं और उसको ब्लेक मार्किट में बेचते है।

[شری اسحاق سمبھلی-آپ نیوز پرنٹ کا کوٹا لیتے ھیں اور اس کو بلیک مارکیٹ میں بیچتے ھیں-]

श्री प्रेम चन्द वर्मा : सभापति महोदय, मैं नहीं बोलूंगा अगर इस तरह से ये टोकाटाकी करेंगे।

श्री इसाहक सम्भली : कितना कोटा मिलता है न्यूज़प्रिंट का ?

[شری اسحاق سمبھلی-کتنا کوٹا ملتا ھے نیوز پرنٹ کا ؟]

श्री प्रेम चन्द वर्मा : सभापति महोदय, मैं यह चाहता हूं ....(व्यवधान)। मैं सदन के सामने इस बात को लाना चाहता हूं कि इस बीमारी का इलाज क्या है, इसकी जड़ ये हैं। ....(व्यवधान)

सभापति महोदय, जम्मू-काश्मीर में, आंध्र प्रदेश में और बहुत से प्रदेशों में ऐसी बातें हो रही हैं जहां पर देश के दुश्मन जो इस देश में रहते हैं, वह विदेशों से मिलकर वहां पर कार्यवाहियां कर रहे हैं। वह इस मज़हब का भी हो सकता है और दूसरे मज़हब का भी हो सकता है। वह एक दल का भी हो सकता है और दूसरे दल का भी हो सकता है। लेकिन इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि सारे देश के अन्दर एक तरह का इंकलाब लाने की कोशिश की जा रही है और जिस इंकलाब को खूनी इंकलाब कहा करते हैं।

मैं आपके सामने एक चीज कहना चाहूंगा जो बड़े महत्त्व की है और सदन के कुछ व्यक्तियों को शायद वह अच्छी न लगे। मैं माननीय गृह मंत्री महोदय से निवेदन करूंगा कि इस बीमारी का स्त्रोत जो शास्त्री जी ने बताया वह मैं नहीं बताना चाहता हूं। मैं बताना चाहता हूं कि वह स्त्रोत यह है कि विदेशों के राजदूतों के साथ जिन मैम्बरों का ऐकाउन्ट है और रात को जो बार बार वहां जाते हैं उनके ऊपर कड़ी नज़र रखी जाए।

पार्लियामेंट के अन्दर हर रोज विदेशियों के साथ मीटिंगें होती हैं। मैं कहना चाहता हूं कि अगर वह कहें तो मैं इस बात को साबित कर सकता हूं कि कौन कौन से मैम्बरों की कितनी बार विदेशों के जो यहां राजदूत हैं उनके घर में रात में आना जाना रहता है। वह लम्बी लिस्ट मेरे पास है। मैं चाहूंगा कि गृह-मंत्री महोदय उस को सी बी आई को देकर जांच करवायें। यही हालत कई प्रदेशों के वजीरों की है, यही हालत कुछ पार्टियों के पोलिटिकल लीडर्स की है। विदेशों के दूतों से यहां पैसा लोग वसूल करते हैं और मुफ्त के पैसे के जोरसे सारे का सारा राजनैतिक काम किया जाता है। यह

[श्री प्रेम चन्द वर्मा]

बात मैं इसलिये कह रहा हूं कि जो आदमी इस वक्त यह काम करते हैं उन को चाहिये कि देश के हित को देखते हुए वह विदेशों से रोशनी लेना छोड़ दें और विदेशों के पैसों से देश में गड़बड़ करना बन्द करें। अगर ऐसा नहीं करेंगे तो आने वाली नस्लें उन को देशद्रोही कहेंगी। इस तरह से हमारा प्रजातन्त्र भी ठीक से चलने वाला नहीं है। मैं ने यहां पर वह हालात बयान किये जो यहां पर चलाई जा रही हैं। प्रजातन्त्र के नाम पर जो बातें यहां चलती हैं और गरीबों के नाम पर जो लोग इस तरह से अपनी बातें कहते हैं, वह देश के लिये वफादार नहीं हैं। वह चाहते हैं कि किसी भी तरीके से यहां की शासन सत्ता को तथा कांग्रेस पार्टी को हटा दें। भले ही आज वह लोग हमारी मदद करें लेकिन मैं इस बात को भूल नहीं सकता कि वह लोग आज क्या कर रहे हैं। जो कुछ वह लोग कर रहे हैं वह देश के हित में नहीं है।

इसलिये मैं होम मिनिस्टर साहब से इतना ही अर्ज करना चाहूंगा कि यह मसला बड़ा अहम है। यह छोटी सी बात नहीं है। अगर यही हाल चलता रहा तो न जाने इस देश का क्या होगा। हमारे गृह-मंत्री मजबूत हाथ वाले हैं। वह अपने मजबूत हाथों से देश की बागडोर को सम्भालें और मजबूत हाथों से, सख्ती के साथ इस देश में जो ताकतें विघटन लाना चाहती हैं और देश का सत्यानाश करना चाहती हैं उन को रोकें। अगर इस के लिये कांस्टिट्यूशन में भी तब्दीली लानी पड़े तो हम को इस में पीछे नहीं हटना चाहिये।

SHRI SAMAR GUHA (Contai): If the debate goes on in this manner, it is no debate. It is better to postpone it. No speaker is being allowed to speak. It is up to you to control the House.

MR. CHAIRMAN: Every Member knows that this is a problem for all of us to consider seriously. Not only on this occasion but on many occasions this problem has arisen.

श्री मनुभाई पटेल (डभोई): सभापति महोदय, श्री प्रकाशवीर शास्त्री ने देश की वास्तविक स्थिति पर इस सदन में जो विचार पेश किये उनसे देश की बड़ी सेवा हुई है क्योंकि हम कितना भी कहें कि देश में जो परिस्थिति है वह ठीक है, चाहे वह साम्प्रदायिक दंगों के बारे में हो, चाहे विदेशी इन्टरफिअरेंस के बारे में हो चाहे हमारी पोलिटिकल पार्टीज जो काम कर रही हैं उनके बारे में हो चाहे समस्या चीनी और पाकिस्तानी इन्टरफिअरेंस की हो या हमारे अन्दरूनी झगड़ों के बारे में हो, इन चीजों के कारण देश के ला ऐण्ड आर्डर की स्थिति बड़ी कमजोर हो गई है। यह चीज सबको स्वीकार करना पड़ेगा।

हमारे दोस्त श्री प्रेमचन्द वर्मा ने कहा कि राजदूतावासों के साथ सम्बन्ध रखने वालों के ऊपर नजर रखनी पड़ेगी। उन्होंने सही बात कही। परसों ही कांग्रेस वर्किंग कमेटी में जो तीन नये सदस्य लिये गये हैं अर्थात् श्री चन्द्रजीत यादव, श्रीमती नन्दिनी सत्पथी और श्री गणेश, उनके बारे में श्री चिन्तामणि पाणिग्रही, श्री बेदव्रत बरुआ आदि ने जाकर प्राइम मिनिस्टर से यही शिकायत की है कि वह कम्यूनिस्ट हैं। उन्होंने कहा है कि वह कम्यूनिस्ट है मैं इसलिये विरोध नहीं करता हूं, मैं विरोध इसलिये करता हूं कि **वे आर एम्बेसी पीपल**। इसका जवाब क्या है? (**व्यवधान**) एम्बेसी पीपल होने की वजह से उसी दल के साथियों ने उनकी शिकायत की है। इसलिये परसों तक जो होम मिनिस्टर बहुत मजबूत माने जाते थे, कल से वही होम मिनिस्टर कमजोर बन गये हैं। वह बचाव नहीं कर सकते हैं। यह बात मैं इसलिए नहीं कहता कि हम लोग इधर हैं। हमने होम मिनिस्टर साहब को इसके पहले भी चर्चा में कहा था कि देश में जितनी भी कम्युनल आर्गेनाइजेशंज हैं, उन पर प्रतिबन्ध लगाओ। क्यों नहीं लगाये उन्होंने। हमने कहा था कि आर एस एस पर प्रतिबन्ध लगाओ....

SHRI TRIDIB KUMAR CHAUDHURI (Berhampore): On a point of order.

The hon. Member named certain Members and said that they were embassy people. I think it is not permissible.

SHRI RANGA (Srikakulam) : He says that somebody else has said so.

SHRI MANUBHAI PATEL : I am quoting what has been said.

MR. CHAIRMAN : He is not making that charge himself.

श्री गुणानन्द ठाकुर (सहरसा) : सभापति महोदय, मेरा एक व्यवस्था का प्रश्न है । माननीय सदस्य ने कहा है कि तीन संसद सदस्य एम्बैसी के लोग हैं । मैं आग्रह करूंगा कि इसकी जांच के लिए आप एक पार्लिमेंटरी कमेटी बनाइये और माननीय सदस्य वहां जाकर इसको साबित करें.....

MR. CHAIRMAN : The same point was raised and he clarified that he did not make that allegation but that he only referred to some statement made by somebody else.

श्री मनुभाई पटेल : मैंने गत सैशन में होम मिनिस्टर से विनती की थी कि आप देश में जितनी भी कम्युनल आर्गेनाइजेशंज़ हैं उनके ऊपर प्रतिबन्ध लगायें । और एस एस पर आप क्यों नहीं लगाते हैं ? क्यों मुस्लिम लीग पर नहीं लगाते हैं ? जितनी कम्युनल आर्गेनाइजेशंज़ हैं उन पर क्यों नहीं लगाते हैं ? मुझे शक होता है कि होम मिनिस्टर ऐसा कर सकेंगे । उन्हें इसमें थोड़ी तकलीफ है । क्योंकि यदि इन पर प्रतिबन्ध लगाते हैं तो उनको शिव सेना पर भी प्रतिबन्ध लगाना पड़ेगा । शिव सेना पर प्रतिबन्ध क्यों नहीं लगाते हैं ? प्रधान मंत्री लास्ट टाइम बम्बई गई थीं । उस समय शिव सेना के नेता बाल ठाकरे के साथ उन्होंने खानगी गुफ्तगू क्यों की थी ? क्यों एनकरेज करते हैं आप ऐसी आर्गेनाइजेशंज़ को ?

यहां ए आई सी सी की मीटिंग हुई । उसमें एक सेवा दल का गठन किया गया था । सेवा दल में स्वयं सेवक होते हैं । लेकिन सभापति महोदय, आप देखें कि उस सेवा दल का नाम इन्होंने नेहरु ब्रिगेड रखा था । क्या ब्रिगेड शब्द कुछ कनोट करता है या नहीं करता है ? कौन से नाम का आप इस्तेमाल करना चाहते हैं ? शशि भूषण जी ने कांग्रेस प्रेजीडेंट को मिसहैंडल किया था । तारकेश्वरी सिन्हा को जिस तरह से तमाचा लगाया गया था, उसकी बुराई सबने की है, उसको सबने कैंडम किया था । खुद प्रधान मंत्री ने जोर देकर कहा था कि यह जो किया गया है ठीक नहीं किया गया है । फिर भी उन सब लोगों को इन्होंने वापिस ले लिया । जिन्होंने वायोलेंस किया था, वायोलेंट एक्टिविटीज़ में भाग लिया था, उन सबको इन्होंने वापिस ले लिया । क्या ऐसे एकशंज़ से देश में वायोलेंस को बढ़ावा नहीं मिलता है ? क्यां देश में इस तरह से कम्युनल परिस्थिति बिगड़ती नहीं है ?

यहां बंगाल की बात कही गई है । वहां एक दिन ऐसा नहीं गया जब टैररिज्म न हुआ हो । मैं एक एक कर गिना सकता हूँ । ट्रेन सर्विसिस के बारे में सुनिये :

> "Train services on six out of seven divisions of the South Eastern Railway were dislocated on 52 occasions during the nine month period ended September 30 as the result of which mail, express and passenger trains are stated to have lost 577 hours, out of which trains running in the West Bengal sector alone suffered 541 hours detention-*Statesman* 21.10.1969".

इन्डस्ट्री के बारे में वहां के इन्डस्ट्रीज़ मिनिस्टर कहते हैं :

> "The West Bengal Labour Minister is apparently concerned about the continued closure of a large number of industrial and other establishments. A non-official estimate of such units is over 50," etc. (*Statesman* dated 5.10.69)

5 अक्तूबर, 1969 के युगान्तर में लिखा है :

> "Mr. Ashoke Ghose, Secretary, West Bengal Forward Bloc, told a press

conference here today that the CPI(M) alone was responsible for adverse law and order situation in West Bengal..." (*Jugantar* dated 5.10.69)

श्री राज नारायण ने कहा है :

"Mr. Raj Narain, SSP leader, in a press statement on Tuesday, said the kind of gangsterism which the CPI(M) was perpetrating under governmental aegis in West Bengal was unknown to any part of the world."

श्री जयप्रकाश नारायण ने कहा है :

"Shri Jaya Prakash Narayan, in a letter to Mr. Jyoti Basu, mentioned the "reign of terror" prevailing there. Mr. Narayan also blamed the district Magistrate as unwilling to do anything without ascertaining the view of Mr. Jyoti Basu."

इस परिस्थिति से तंग आकर पश्चिमी बंगाल के मुख्य मंत्री, श्री अजय मुकर्जी, को मजबूरन सत्याग्रह और फास्ट करने का निर्णय लेना पड़ा। इस बारे में कहा गया है :

"Concerned about the continuing lawlessness and violence in West Bengal, the Bangla Congress Secretariat which met here today gave the green signal to the party's programme for a satyagraha largely in the form of fasting by party volunteers at public places from December."

42,000 volunteers will participate.

जहां के चीफ मिनिस्टर खुद कैदी बन गये हों, वहां के शासन की क्या हालत होगी ! (व्यवधान)

